गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आइपीयू) के पीजीडी-अग्नि एवं जीवन सुरक्षा लेखा परीक्षा व एमबीए-अग्नि एवं औद्योगिक सुरक्षा साप्ताहिक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आफलाइन काउंसिलिंग 14 अगस्त को द्वारका परिसर में आयोजित की जाएगी। इन दोनों प्रोग्रामों के लिए चयनित आवेदकों की सूची आइपीयू की दोनों वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित आवेदकों को आइपीयू के कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 75,500 रुपए का बैंक ड्राफ्ट, प्रवेश सत्यापन प्रपत्र, डिग्री या अंकतालिका सहित अन्य प्रमाणपत्र काउंसिलिंग के लिए लाना है। दस्तावेज सत्यापन के उपरांत काउंसिलिंग में सीट आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पीजीडी में 50 सीटें और एमबीए में 30 सीटें उपलब्ध हैं।

185 झुग्गी बस्तियों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

भाजपा दिल्ली प्रदेश ने रविवार को दिल्ली की करीब 185 झुग्गी बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन भाजपा ने अपने झुग्गी विस्तार अभियान के अंतर्गत किया। दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने आनंद विहार जेजे कैंप व झिलमिल बाल्मीकि बस्ती में शिविर का उद्घाटन किया। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने न्यू संजय अमर कालोनी, विश्वास नगर में, मनोज तिवारी ने तिमारपुर में, रामवीर सिंह बिधूडी ने बिलासपुर प्रसाद नगर, मोडलबंद में, कमलजीत सहरावत ने मंगलापुरी के द्वारका वार्ड में, प्रवीण खंडेलवाल ने वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में, बांसुरी स्वराज ने सिंधिया कैंप में, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सूरजमल पार्क व एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने ओटरम लेन झुग्गी बस्ती के शिविरों का उद्घाटन किया।

दिल्ली में 47 जगह जलभराव, आज और कल फिर होगी भारी बारिश

बारिश ने फिर खोली पोल, रिहायशी इलाके भी हुए पानी-पानी; कई जगह फंसे वाहन

चाणक्यपुरी में रविवार को बारिश के बाद जलभराव से जूझते वाहन सवार।

गुरुग्राम में बारिश के बाद जलमग्न दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर फंसे वाहन।

मनमाना किराया वसूल रहे हैं आटो व रिक्शा वाले

बारिश के चलते सड़कों पर जलजमाव होने पर आटो व रिक्शाचालक मनमाना किराया वसूलने में लगे हुए हैं। हाल यह है कि उत्तम नगर से कनाट प्लेस तक का जहां 250-280 रुपए तक अमूमन किराया रहता है, उसके लिए आटो वाले 450 रुपए वसूलते दिखे। इसी तरह दस रुपए प्रति सवारी बैठाने वाले ई-रिक्शा चालकों ने भी अपने किराए को दोगुना कर दिया।

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में रविवार दोपहर भारी बारिश होने से कई इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात जाम हो गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है और नारंगी चेतावनी जारी की है।

55.5 *मिमी मयूर विहार में, पालम में 20.4 मिमी, सफदरजंग में 26.3 मिमी हुई बारिश।*

दिल्ली के लोगों ने शहरभर में जलभराव की 47 शिकायतें कीं। आइएमडी के आंकड़े के अनुसार, अपराह्न 2:30 से शाम 5:30 बजे के बीच शहर के मौसम केंद्र सफदरजंग में 26.3 मिलीमीटर (मिमी), लोधी रोड में 30.4 मिमी, पालम में 20.4 मिमी और मयूर विहार में 55.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। मध्य, दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी दिल्ली में भारी बारिश हुई।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें जलभराव की 40 और पेड़ों के गिरने की तीन सूचनाएं प्राप्त हुईं। अधिकारी ने यह भी बताया कि 40 शिकायतों में से 35 से 38 जलभराव की समस्याओं का समाधान कर दिया गया है। इस बीच, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को सुबह छह बजे से अपराह्न दो बजे के बीच 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से सात जलभराव से संबंधित और पांच पेड़ों के गिरने से जुड़ी हुईं थीं। दिल्ली यातायात पुलिस ने कई इलाकों में जलभराव के कारण यातायात बाधित होने की जानकारी दी।

वहीं बारिश के चलते राजधानी की कई अनधिकृत कालोनियों में बिजली आपूर्ति भी असामान्य रही। आइएमडी ने कहा कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार व मंगलवार को भी ऐसी ही स्थिति रहने की संभावना है। आइएमडी ने दिल्ली के लिए नारंगी चेतावनी जारी की है, जो बेहद खराब मौसम और आवागमन में संभावित व्यवधान के लिए तैयार रहने का संकेत देता है।

दिल्ली-एनसीआर के 86 फीसद लोगों ने कहा, जलभराव से हुईं दिक्कतें

लोकल सर्किल द्वारा करवाए गए सर्वे में दिल्ली-एनसीआर के 86 फीसदी निवासियों ने माना की उन्हें जलभराव के चलते समय की बर्बादी, उत्पादकता व कमाई के साथ वाहनों का रखरखाव की लागत बढ़ी है। जिससे कार्य घंटों की हानि हुई है। सर्वे में 71 फीसद लोगों ने जलभराव के चलते अपनी उड़ाने व ट्रेनों छूटने का भी हवाला दिया है। दिल्ली में नजफगढ़ में दुकानदारों ने बारिश के पानी से भीगने व सामान खराब होने की शिकायत की। जिसकी वजह इस वर्ष हुई खराब तैयारी, नगर निकायों के अधिकारियों की खराब योजना और कई परियोजनाओं के खराब कार्यान्वयन के कारण रहा है। बता दें कि यह सर्वेक्षण दिल्ली, गुरुग्राम व नोएडा के 19 हजार से अधिक लोगों की प्रतिक्रियाओं पर तैयार किया गया है।

पार्क में भरे पानी में डूबने से सात वर्ष के बच्चे की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

दिल्ली के रोहिणी के सेक्टर 20 स्थित अमन विहार के एक पार्क में बारिश के भरे पानी में डूब जाने से सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह घटना शनिवार देर शाम को उस समय हुई जब बच्चा पार्क में खेल रहा था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्चे के डूब जाने की सूचना पीसीआर को मिली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और उसे बताया गया कि बच्चे को अस्पताल ले जाया गया है, जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पार्क में बने छठ घाट में करीब पांच से छह फुट पानी भरा हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की गई है। पुलिस घटना का वास्तविक कारण पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाल रही है।

किशोर की करंट लगने से मौत

शनिवार को ही बाहरी दिल्ली के रणहोला इलाके में क्रिकेट खेलते समय बिजली के खंभे के संपर्क में आने से 13 वर्षीय लड़के की मौत हो गई थी। मामले में परिवार के सदस्य और स्थानीय लोगों ने किशोर के शव को सड़क पर रखकर नांगलोई-नजफगढ़ सड़क को बंद कर दिया और परिवार के लिए मुआवजे और न्याय की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और डिस्काम (वितरण कंपनी) के खिलाफ नारेबाजी की।परिजनों ने जाम भी लगा दिया बाद में पुलिस के समझाने मामला शांत हुआ। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106 (1) (लापरवाही से मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। इस बीच, मृतक की मां अनीता देवी ने गौशाला और बिजली विभाग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

विपक्ष का दिल्ली सरकार पर निशाना

आप नेता महिमामंडन में व्यस्त : भाजपा

नई दिल्ली, 11 अगस्त (संवाददाता)।

भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली का दुर्भाग्य है कि आज जब दिल्ली जलजमाव व उससे हुई डूबने व करंट लगने से मौतों से जूझ रही है तो ऐसे समय में दिल्ली में सत्ताधारी दल आप पार्टी केवल जेल व बेल से जुड़े अपने नेताओं के महिमामंडन में लगा है। शनिवार को किराड़ी में दो युवकों के बाद आज अमन विहार में एक लड़के के जलजाव में डूबने से हुई मौत से दिल्ली स्तब्ध है।

दिल्लीवासियों की जान खतरे में : कांग्रेस

नई दिल्ली, 11 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र व दिल्ली सरकार की विफलताओं का खामियाजा लोग अपनी जान देकर भुगत रहे हैं। भारी बारिश से हुए जलभराव के कारण दिल्लीवासियों की जान खतरे में है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष दिल्ली में भारी बारिश होने से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए भाजपा और आप ने कुछ नहीं किया।

मानहानि मामला

समन के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है, जिसमें उन्होंने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी का वीडियो 'एक्स' पर साझा करने से संबंधित मानहानि मामले में जारी कई समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की तीन न्यायाधीशों की पीठ याचिका पर सुनवाई कर सकती है, जिसमें केजरीवाल ने स्वीकार किया है कि कथित मानहानिकारक वीडियो साझा करके उनसे गलती हुई है। शीर्ष अदालत ने 11 मार्च को केजरीवाल से पूछा था कि क्या वह मामले में शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं। केजरीवाल ने इससे पहले 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आइटी प्रकोष्ठ से संबंधित कथित मानहानिकारक वीडियो साझा करके उनसे गलती हुई है।

शिकायतकर्ता विकास संकृत्यायन की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत से कहा था कि केजरीवाल 'एक्स' या 'इंस्टाग्राम' जैसे सोशल मीडिया मंच पर माफीनामा जारी कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना शिकायतकर्ता से पूछा था कि अब जबकि याचिकाकर्ता यह स्वीकार कर चुका है कि उससे गलती हुई है तो क्या वह मामले को बंद करना चाहते हैं।

डीएमआरसी का दिशानिर्देश, मेट्रो लाइनों के पास न उड़ाएं पतंग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन पर पतंग उड़ाने के प्रचलन के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो ने रविवार को दिशानिर्देश जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि मेट्रो लाइनों के पास पतंग न उड़ाएं। दिल्ली मेट्रो का दिशानिर्देश ऐसे समय में आया है, जब बीते कुछ दिनों में करंट से कई मौत हो चुकी है। दिल्ली मेट्रो ने कहा कि उसका नेटवर्क लगभग 400 किमी क्षेत्र में फैला हुआ है, जो कि मुख्यतः एलिवेटेड है, जहां पटरियों के समानांतर 25,000 वोल्टेज की तारें हैं, जिससे ट्रेनों को बिजली आपूर्ति होती हैं। लिहाजा इससे आम जनों को जोखिम तो है ही, साथ बिजली ट्रिप होकर मेट्रो सेवाएं बाधित होने की आशंका भी है। एलिवेटेड मेट्रो लाइनों की ऐसी घटनाओं से न केवल ओएचई या पेंटोग्राफ को नुकसान पहुंच सकता है बल्कि इससे बिजली ट्रिप होकर मेट्रो सेवाएं बाधित होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके साथ ही यह घातक साबित हो सकता है।

ईडब्लूएस की अतिरिक्त सीटें बढ़ाने की मांग

दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक संगठन फोरम आफ एकेडेमिक्स फार सोशल जस्टिस के अध्यक्ष हंसराज सुमन ने डीयू के कालेजों में 1891 ईडब्लूएस की अतिरिक्त सीटों को बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ईडब्लूएस कोटे की बढ़ी सीटों के अनुपात में आरक्षित श्रेणी की सीटें नहीं मिली हैं। *(जसं)*

वायुसेना नर्सरी विद्यालय
वायुसेना स्टेशन नई दिल्ली
(अंग्रेजी माध्यम सह-शिक्षा विद्यालय)

1. वायुसेना नर्सरी विद्यालय द्वारा प्रधानाध्यापक के पद हेतु योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।
2. पद हेतु पात्रता एवं अन्य संबंधित विवरण वायुसेना विद्यालय की वेबसाइट www.racecourseschools.in पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अपना आवेदन 82afns@gmail.com पर ई-मेल या वायुसेना स्टेशन नई दिल्ली-03 के मुख्य गारद कक्ष पर लगे ड्रॉप बॉक्स में दिनांक-27 अगस्त 2024 तक या इससे पहले भेज सकते हैं।
3. विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का भर्ती संबंधी निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा।

विद्यालय प्रबंधन

Unlocking Possibilities.
Moving Forward.

KAMDHENU PAINTS

As we surge ahead with strong momentum, we anticipate a significant boost in revenues. Our finely tuned strategic approaches, tailored to the dynamic industrial landscape, position us well for enhanced financial prospects. Built on a solid foundation, we excel in the current environment and seize emerging opportunities for a robust future. With great vigor, we solidify our position as a key market player, driving sustainable revenue growth and unlocking new possibilities.

KAMDHENU VENTURES LIMITED

CIN: L51909HR2019PLC089207

Regd.Office: 2nd Floor, Tower-A, Building No.9, DLF Cyber City Phase-III, Gurugram - 122 002
Phone no.: 0124-4604500, Fax: 0124-4218524, Email: cs@kamdhenupaints.com, Website: www.kamdhenupaints.com

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2024

(₹ in Lakhs except Earnings per Share)

S. No.	Particulars	Standalone				Consolidated			
		Quarter Ended			Year Ended	Quarter Ended			Year ended
		30th June, 2024	31st March, 2024	30th June, 2023	31st March, 2024	30th June, 2024	31st June, 2024	30th June, 2023	31st March, 2024
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total income from operations	-	-	-	-	5,445.69	8,514.66	6,167.69	29,170.90
2	Net profit/(loss) for the period before tax and exceptional items	(22.77)	(5.24)	8.22	(31.67)	222.03	581.03	219.43	1,592.71
3	Net profit/(loss) for the period after tax and exceptional items	(22.77)	(5.24)	8.22	(31.67)	159.42	419.53	215.53	1,385.49
4	Total comprehensive income/(loss) for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	(22.77)	(5.24)	8.22	(31.67)	153.49	395.92	215.49	1,361.74
5	Paid-up equity share capital (face value of ₹ 1 each)	3,143.55	3,143.55	1,571.78	3,143.55	3,143.55	3,143.55	1,571.78	3,143.55
6	Earnings per share in rupees: (Quarterly not annualised)								
	Weighted average number of equity shares of ₹ 1 each	31,43,55,000	31,28,79,590	30,84,20,934	31,28,79,590	31,43,55,000	31,28,79,590	30,84,20,934	31,28,79,590
	- Basic (in ₹)	(0.01)	(0.00)	0.00	(0.01)	0.05	0.13	0.07	0.44
	- Diluted (in ₹)	(0.01)	(0.00)	0.00	(0.01)	0.05	0.13	0.07	0.44

1 The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee & approved by the Board of Directors of Kamdhenu Ventures Limited at their respective meetings held on 10th August, 2024. The unaudited Standalone and Consolidated financial results for the quarter ended 30th June, 2024 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the company, and they have issued unmodified report on the above results.

2 The above is an extract of the detailed format of unaudited results for the quarter ended 30th June, 2024 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results are available on the Stock Exchange websites, www.bseindia.com, www.nseindia.com and on the Company website, www.kamdhenupaints.com

For and on behalf of the Board of Directors of
Kamdhenu Ventures Limited

Sd/-
Saurabh Agarwal
Managing Director
DIN: 00005970

Place: Gurugram
Date: 10th August, 2024

KAMDHENU GROUP

खबर कोना

गुरुग्राम में दो कारों से करतबबाजी का वीडियो प्रसारित, एक गिरफ्तार

गुरुग्राम, 11 अगस्त (भाषा)।

गुरुग्राम में सड़क पर दो कारों से खतरनाक करतबबाजी वाले वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने एक कार के चालक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान बादशाहपुर निवासी हरीश कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उसकी कार को जब्त कर लिया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए 27 सेकंड के वीडियो में दोनों चालक गुरुग्राम-सोहना रोड पर अपने-अपने वाहनों को खतरनाक तरीके से घुमाते हुए दिख रहे हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दूसरी कार के चालक को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दिल्ली : असोला गांव में इमारत के पार्किंग क्षेत्र में लगी आग, दो झुलसे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

दक्षिणी दिल्ली के असोला गांव में रविवार को एक इमारत के पार्किंग क्षेत्र में आग लगने से दो लोग झुलस गए जबकि 12 अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इमारत में आग लगने की सूचना सुबह करीब 5.01 बजे मिली। दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। सुबह करीब 6.50 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग ने सबसे पहले पार्किंग में कुछ वाहनों और एक बिजली के मीटर बोर्ड को चपेट में लिया। इसके बाद आग पूरी इमारत में फैल गई। आग में दो स्कूटी पूरी तरह से जलकर राख हो गईं। इस मामले में पुलिस ने कहा कि आग लगने के संबंध में मैदान गढ़ी पुलिस थाने में सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि जगबीर कालोनी में चार मंजिला इमारत में आग लगी हुई थी। फ्लैटों में रहने वाले लोगों को बचाया गया और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों की मदद से आग बुझाई गई।

नोएडा : सरकारी कार्यालय में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 11 अगस्त।

जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में 25 से अधिक सरकारी कार्यालयों में मीटर लगा दिए गए हैं। शेष में लगाने का काम जोरों पर चल रहा है। दूसरे चरण में ग्रामीण क्षेत्र के अन्य उपभोक्ताओं के मीटर लगाए जाएंगे। विद्युत निगम के अनुसार, जिले में 596 सरकारी दफ्तर हैं। एक माह के अंदर सभी दफ्तरों में मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। दूसरे चरण में ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में लाइन लोस अधिक होने के कारण प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में मीटर लगाए जाएंगे। विद्युत निगम के अभियंताओं के अनुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्र के कई कस्बों में 20 से 30 प्रतिशत तक लाइन लोस है। ऐसे में आशंका है कि बिजली चोरी भी हो रही है। स्मार्ट मीटर लगने से बिजली चोरी भी काफी हद तक रोकी जा सकेगी। मीटर को रिचार्ज कराने के बाद ही उपभोक्ता बिजली का उपयोग कर सकेंगे।

छावला इलाके से एक बदमाश को किया गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

दिल्ली पुलिस ने छावला इलाके से हरियाणा के 24 वर्षीय एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। रोहतक का आरोपी अंकित (24) सात आपराधिक मामलों में कथित तौर पर संलिप्त है और उसकी गिरफ्तारी से सोनीपत में एक हत्याकांड की गुत्थी सुलझ गई है। पुलिस ने उसके पास से तीन पिस्तौल, एक 'सिंगल-शॉट' पिस्तौल और 13 कारतूस बरामद किए हैं। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने रविवार को बताया कि जुलाई में अंकित ने अपने साथियों के साथ मिलकर सोनीपत में जयपाल पर 10 गोलियां चलाईं थीं। गोयल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अंकित छावला इलाके में आएगा। इसके बाद एक दल गठित कर गिरफ्तार कर लिया।

चार सौ साल पुराने बारापुला पुल की मरम्मत करेगा एएसआइ

आधुनिक मशीनों से युक्त सौ से अधिक कर्मचारी गाद निकालने में जुटे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को कहा कि निजामुद्दीन में ऐतिहासिक 400 साल पुराने बारापुला पुल को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) को सौंप दिया गया है। यह तीन महीने में इसकी संरचना को बहाल कर देगा। सक्सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि दिल्ली की एक और विरासत- 400 साल पुराना बारापुला पुल (12 खंभों वाला) जल्द ही अपनी खोई हुई महिमा को पुनः प्राप्त करेगा।

पुरातात्विक महत्त्व की संरचना है पुल।

पिछले रविवार (चार अगस्त) को उपराज्यपाल ने बारापुला पुल का दौरा किया था, तब यहां जबरदस्त अतिक्रमण देखने को मिला था। रविवार को उपराज्यपाल दोबारा यहां दौरा करने गए। बता दें कि एएसआइ द्वारा ऐतिहासिक बारापुला पुल का संरक्षण करने के साथ ही यहां रोशनी की व्यवस्था की जाएगी।

अतिक्रमण की वजह से यह पुरानी और ऐतिहासिक संरचना जीर्ण-शीर्ण हालत में पड़ी थी। इतना ही नहीं आस-पास के इलाकों के कचरे और मलबे की वजह से यह कूड़ा घर में तब्दील हो गई थी।

बारापुला पुल का निरीक्षण करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

उपराज्यपाल ने पुल के नीचे बहने वाले नाले से गाद निकालने और अतिक्रमण हटाने के लिए किए गए संयुक्त प्रयास के लिए एमसीडी, पीडब्लूडी व सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, रेलवे और एएसआई के प्रयासों की सराहना भी की। इन सभी ड्रेनों के अवरूद्ध मार्ग को साफ करने और गाद निकालने के कार्य में आधुनिक मशीनों से युक्त 100 से अधिक कर्मचारी काम कर रहे हैं। इस काम में सभी एजंसियां पूरे तालमेल के साथ सामूहिक प्रयासों में जुटी है।

मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों की ट्रक की टक्कर से मौत

गुरुग्राम, 11 अगस्त (भाषा)।

गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर हाइवे पर बिलासपुर इलाके में एक ट्रक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद करीब 50 मीटर तक उसे घसीटता रहा। घटना में मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर राजमार्ग पर हादसा।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान विपुल और अभयजीत चौहान के रूप में हुई है। विपुल के भाई अमित पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात विपुल और उसका दोस्त अभय जीत चौहान किसी काम से बाहर गए थे। जब वे वापस लौट रहे थे, तब बिलासपुर चौक से आगे स्थित सीएनजी पंप के पास दिल्ली की ओर से आ रहे एक ट्रक के उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई और चालक उसे करीब 50 मीटर तक घसीटता रहा। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घायलों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

महिला से 36.27 लाख की धोखाधड़ी, मुंबई से तीन जालसाज गिरफ्तार

नई दिल्ली, 11 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर एक महिला से 36.27 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में तीन साइबर जालसाजों को महाराष्ट्र के जलगांव से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान जयेश भोले (29), राकेश जाधव (33) और हर्षवर्धन भोसले (25) के रूप में हुई है।

दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने रविवार को बताया कि एक महिला की शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एक जुलाई को वह 'शेयर इंडिया' नाम के समूह के संपर्क में आई और समूह ने उन्हें बैंक खाते के जरिए 36.27 लाख रुपए का निवेश करने पर राजी कर लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उनकी राशि जल्द बढ़कर साढ़े तीन करोड़ रुपये हो गई लेकिन वह निवेश की गई राशि निकालने में असमर्थ थी। पुलिस ने बताया कि उन्होंने लेन-देन की जांच की और तीन लोगों की पहचान दबोच लिया।

मामूली विवाद में युवक के सिर पर ईंट से वार कर हत्या

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 11 अगस्त।

एच्छर बस स्टैंड के पास शराब के नशे में धुत दो युवकों में मामूली विवाद हो गया। एक युवक ने दूसरे के सिर पर ईंट से वार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। हालांकि बाद में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रेटर नोएडा का मामला, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार।

मूलरूप से सुल्तानपुर निवासी गोविंद उर्फ विकास कुमार (28) कासना में निर्माण स्थलों पर मजदूरी करता था। शनिवार शाम उसने अपने साथी सूरजपुर निवासी कुलदीप के साथ शराब पी। इस दौरान जब वे नशे में धुत हो गए तो किसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि वे गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। इस दौरान कुलदीप ने ईंट से गोविंद के सिर पर वार कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद कुलदीप फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर कुलदीप को सेक्टर सिग्मा-2 से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और गोविंद दोनों साथ में काम करते थे। शहर में जहां भी उन्हें काम मिलता, वे वहां चले जाते थे। शनिवार शाम दोनों ने साथ में शराब पी। इसी बीच उनके बीच विवाद हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना सेक्टर बीटा टू प्रभारी का कहना है कि हत्या आरोपी से पूछताछ जारी है। उसने मामूली विवाद पर ईंट से हमला करने की बात स्वीकार की है। हत्या के पीछे असली कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

सिसोदिया 14 से दिल्ली में करेंगे पदयात्रा, विधायकों के साथ बैठक आज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

आप के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। रविवार को उन्होंने अपने आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सिसोदिया 14 अगस्त से दिल्ली में पदयात्रा निकलकर जन-जन से मिलेंगे। यह जानकारी आप सांसद संदीप पाठक ने दी।

पाठक ने कहा कि बैठक में कई और निर्णय भी लिए गए हैं। इसी कड़ी में सिसोदिया सोमवार को विधायकों और मंगलवार को पार्षदों के साथ बैठक कर पार्टी की विस्तृत योजना पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव हैं। वहां 40-50 सभाएं हो चुकी हैं। सुनीता केजरीवाल और वरिष्ठ नेता वहां बैठकें और सभाएं कर जनता को आप की नीतियां में बता रहे हैं।

तैयारी नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए लालकिले पर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। रविवार को लाल किले के पास सेल्फी लेते पर्यटक।

दिल्ली मेरी दिल्ली

झीलों का शहर

दिल्लीवालों को नदी और झीलें देखने का काफी शौक है, छुट्टी होते ही लोग हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की ओर रवाना हो जाते हैं। लेकिन उनका यह शौक अब दिल्ली में नगर निकायों द्वारा पूरा कर दिया गया है। सवाल, सिर्फ एक बारिश का है। बारिश होते ही दिल्ली के लगभग सभी इलाके झीलों में तब्दील हो गए हैं। दिल्ली झीलों का शहर बन गई है, यदि यही हाल रहा और नालियों से गाद नहीं निकाली गई तो बीते साल की तरह इस बार भी कई इलाकों में नौकाविहार भी शुरू हो जाएगा।

खतरनाक इमारतें

हाल ही में दिल्ली नगर निगम ने खतरनाक इमारतों का आंकड़ा जारी किया था। इसमें पूरी दिल्ली में करीब एक दर्जन से अधिक इमारतों को खतरनाक बताया गया था। जिसपर एमसीडी नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल ने एमसीडी के सर्वे को सिर्फ कागजी बताया था। लेकिन अब देखने को मिल रहा है जो इमारतें बारिश के चलते जर्जर होकर गिर रही हैं, वह एमसीडी के आंकड़ों में जर्जर नहीं दिखाई गई हैं। तो आखिर इतनी सारी खतरनाक इमारतें आईं कहा से। दिल्लीवालों का कहना है कि एमसीडी के अधिकारी अपने कार्यालय में बैठकर सर्वे तैयार कर रहे हैं, वास्तविक स्थिति का आंकलन करने का उनके पास समय तब होगा जब वसूली से समय मिलेगा।

अलग प्रदर्शन

राजधानी दिल्ली में धरना-प्रदर्शन आम बात है। छात्र और युवा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहते हैं, लेकिन बीते दिनों ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर की इमारत के 'बेसमेंट' में बारिश का पानी भरने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत पर हुआ प्रदर्शन आम प्रदर्शनों से अलग दिखाई दिया। दरअसल, यहां कोई छात्र नेता नहीं था। न तो वे खुद राजनीतिक थे और न ही उन्होंने इस मामले को राजनीतिक होने दिया। छात्रों ने उपराज्यपाल और पूर्व सांसद अभिनेत्री तक को भी बैरंग लौटाया। ऐसा शायद ही किसी प्रदर्शन में होता है। इतना ही नहीं, यह प्रदर्शन आम प्रदर्शनों से इसलिए भी अलग रहा कि इसमें निगम के आयुक्त स्तर के एक अधिकारी ने प्रदर्शन स्थल पहुंचकर अपनी गलती स्वीकार ली। उन्होंने हादसे के लिए अपने विभाग की जिम्मेदारी तक स्वीकार की। किसी ने ठीक ही कहा, ऐसी गतिविधियां जंतर-मंतर के प्रदर्शनों में कहां। कई बार हफ्तों तक बैठे लोगों की सुध लेने कोई नहीं आता। निश्चित तौर पर यह अलग प्रदर्शन था।

पार्टी में मंथन

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों की सरगर्मी के बीच जेल से जमानत पर छूटे पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की भूमिका पार्टी और सरकार में क्या होगी पर मंथन का दौर चल रहा है। ऐसे में पार्टी के कई शीर्ष नेताओं में अपने कद को बनाए रखने की भी कोशिशें हो रही हैं। शराब घोटाले की जांच में घिरे मनीष सिसोदिया की पार्टी में अहमियत नंबर दो पर है। अरविंद केजरीवाल जेल में बंद हैं और उन्होंने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया है। ऐसे में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सिसोदिया को फिर से उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री जेल से उपराज्यपाल को पत्र लिख सकते है। पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है कि अब सिसोदिया के पद संभालने में कानूनी अड़चन नहीं है।

ऊर्जा का संचार

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जमानत पर बाहर आने के दो दिन में ही आम आदमी पार्टी को नई ऊर्जा मिली है। स्थानीय कार्यकर्ताओं से लेकर निगम पार्षद, विधायक और आप के सांसदों के बयान आने शुरू हो गए हैं। वे सीधे तौर पर भाजपा पर हमला बोल रहे हैं। कांग्रेस को खरी खोटी सुना रहे हैं। दिल्ली में आप के एक नेता ने बेदिल को बताया कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद जो मायूसी कार्यकर्ताओं में आई थी वह अब ऊर्जा के संचार के रुप में सामने रही है। यह ऊर्जा विधानसभा चुनाव में मील का पत्थर साबित होगी। कारण दूसरी पार्टियों को लगता था कि जब संस्थापक ही जेल में है तब विधानसभा किसके नाम पर लड़ा जाएगा। ***बेदिल***

गुस्सा कोलकाता में महिला चिकित्सक की हत्या के बाद दिल्ली में अस्पतालों में हड़ताल आज से

गैर आपातकालीन सेवाएं रहेंगी ठप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना पर आक्रोश और एकजुटता जताते हुए करते हुए दिल्ली के प्रमुख सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने सोमवार से सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का फैसला किया हैं। उन्होंने सोमवार सुबह से बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और वार्ड ड्यूटी बंद करने की घोषणा की।

डाक्टरों ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा की मांग सुनिश्चित कराने के लिए हड़ताल की जा रही है। उन्होंने मामले के जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने और पारदर्शी जांच की अपील की है। फेडरेशन आफ रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) के आह्वान पर यह फैसला हुआ है। फोर्डा के अध्यक्ष डाक्टर अविरल माथुर के मुताबिक मौलाना आजाद मेडिकल कालेज, आरएमएल अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज,वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल और जीटीबी अस्पताल के रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन (आरडीए) ने अपनी वैकल्पिक सेवाओं को निलंबित करने का फैसला किया है। इन अस्पतालों के 'रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' (आरडीए) ने अपनी 'गैर आपात सेवाएं' निलंबित करने की घोषणा की है। डाक्टर अविरल माथुर ने इस बात पर जोर दिया कि डाक्टरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि वे बिना किसी डर के अपना महत्वपूर्ण काम जारी रख सकें।

'जिम्मेदार लोगों को मिले कड़ी सजा'

दिल्ली के वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल में आरडीए के अध्यक्ष डाक्टर भरणी कुमार ने कोलकाता की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हम इस जघन्य अपराध से बहुत दुखी हैं और जिम्मेदार लोगों के लिए कड़ी सजा के साथ तत्काल, पारदर्शी जांच की मांग करते हैं।

आपकी शिकायतें

बिजली का खंभा गिरने की हालत में, लोग परेशान

असोला गांव की जगवीर कालोनी में बिजली के खंभा गिरने की हालत में है। यहां की गली नंबर-एक में एक मकान के कोने में यह खंभा है और इससे घर वाले परेशान हैं।

गांव वालों की शिकायत पर स्थानीय विधायक ने भी पत्र लिखकर बिजली कंपनी बीएसईएस को इसे हटाकर वैकल्पिक स्थान पर लगाने कहा है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों में इस बात का भी भय है कि बिजली बारिश के कारण कहीं इस खंभे में करंट न आ जाए। स्थानीय लोगों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से आग्रह किया कि इसे तुरंत हटाया जाए।

-सतपाल तंवर, जगवीर कालोनी, असोला गांव

DETAILED PUBLIC STATEMENT IN TERMS OF REGULATION 3(1), REGULATION 4 READ WITH REGULATION 15(2) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED FOR THE ATTENTION OF THE EQUITY SHAREHOLDERS OF

M/S. NAGARJUNA AGRI-TECH LIMITED

Registered Office: 56, Nagarjuna Hills, Panjagutta, Hyderabad - 500082, CIN: L01119TG1987PLC007981, Tel.No.: (+91) 8977398159, Email: natl@rediffmail.com, Website: www.nagarjunaagritechlimited.com

OPEN OFFER FOR ACQUISITION OF UPTO 2435966 (TWENTY-FOUR LAKHS THIRTY-FIVE THOUSAND NINE HUNDRED AND SIXTY-SIX) FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10/- EACH ("EQUITY SHARES") REPRESENTING 26.00% OF THE TOTAL PAID- UP EQUITY AND VOTING SHARE CAPITAL OF M/S. NAGARJUNA AGRI-TECH LIMITED ("NATL" / "TARGET COMPANY"), ON A FULLY DILUTED BASIS, FROM THE EQUITY SHAREHOLDERS OF NATL BY MRS. RACHNA SUMAN SHAW RESIDENT OF INDRALOK APARTMENT, 7TH FLOOR, FLAT- 701, 187, N.S.C BOSE ROAD, REGENT PARK, KOLKATA- 700040 (HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "ACQUIRER") ("OPEN OFFER" / "OFFER").

This Detailed Public Statement (**"DPS"**) is being issued by M/s. VC Corporate Advisors Private Limited, the Manager to the Offer (**"Manager"**), for and on behalf of the Acquirer to the equity shareholders of the Target Company, pursuant to and in compliance with Regulation 3(1), Regulation 4 read with Regulation 15 of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and subsequent amendments thereto [**"SEBI (SAST) Regulations"**], pursuant to the Public Announcement (**"PA"**) filed on August 05, 2024 with the Securities and Exchange Board of India (**"SEBI"**), BSE Limited (**"BSE" / "Stock Exchange"**) and the Target Company in terms of Regulations 3(1) & 4 of the SEBI (SAST) Regulations.

For the purpose of this Detailed Public Statement, the following terms shall have the meanings assigned to them below:

"Control" shall have the meaning ascribed to it under SEBI (SAST) Regulations.

"Equity Shares" shall mean fully paid-up equity shares of the Target Company of face value of Rs. 10/- (Rupees Ten Only) each.

"Identified Date" means the date falling on the 10th (Tenth) Working Day prior to the commencement of the Tendering Period, for the purpose of determining the Equity Shareholders to whom the Letter of Offer in relation to this Offer shall be sent.

"MPSR" means minimum public shareholding requirement of 25% in the Target Company.

"PAC" means person(s) acting in concert as defined under Regulation 2(1)(q)(2) of the SEBI (SAST) Regulations.

"Public Shareholders" shall mean all the equity shareholders of the Target Company except the existing members of the Promoters and Promoter Group of the Target Company, parties to the Share Purchase Agreements and the Acquirer.

"SCRR" means Securities Contract (Regulation) Rules, 1957, as amended.

"SEBI (LODR) Regulations" shall mean Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended.

"Tendering Period" shall have the meaning ascribed to it under SEBI (SAST) Regulations.

"Working Day" means a working day of SEBI.

I. ACQUIRER, PAC, SELLERS, TARGET COMPANY AND OFFER:

A. INFORMATION ABOUT THE ACQUIRER:

A.1. Mrs. Rachna Suman Shaw ("Acquirer")

a. Mrs. Rachna Suman Shaw, w/o. Mr. Ritesh Shaw, aged about 40 years, is a resident of India, residing at Indralok Apartment, 7th Floor, Flat- 701, 187, N.S.C. Bose Road, Regent Park, Kolkata- 700040, with contact number being 9830010576 and email id: pritrach.jaiswal@gmail.com. She has completed Master's of Science in Bio-Technology from I E T Bio Technology Alwar, University of Rajasthan. She has over 9 years of experience in areas like product development, product quality control, etc. in the FMCG sector.

b. She is not holding any equity shares in the Target Company prior to the date of the PA except for the execution of the Share Purchase Agreements (**"SPA's" / "Agreements"**), all dated August 05, 2024 pursuant to which she has agreed to acquire 5658369 (Fifty-Six Lakhs Fifty-Eight Thousand Three Hundred and Sixty-Nine) equity shares (**"Sale Shares"**), constituting 60.39% of the total paid-up equity and voting share capital of the Target Company at a negotiated price of Rs. 10/- (Rupees Ten Only) per equity share subject to the conditions specified in the Agreements.

c. The net worth of Acquirer is Rs. 28,65,72,271/- (Rupees Twenty-Eight Crores Sixty-Five Lakhs Seventy-Two Thousand Two Hundred and Seventy-One Only) as on July 31, 2024 as certified by Mr. Ayush Agrawal (Membership No.:311804), Proprietor of M/s. Ayush N Agrawal & Co., Chartered Accountants, (FRN No.: 023627C), having office at Town City- Silchar, P/o. Silchar Dist.- Cachar, Area- Shillongpatty, Ambikapatty, Silchar- 788001, Assam Mobile No.:(+91) 9340402927, Email : ca.ayush2016@gmail.com, vide their certificate dated August 05, 2024, bearing Unique Document Identification Number (**"UDIN"**) 24311804BKAEJP6340.

A.2. There are no Person Acting in Concert (**"PAC"**) with the Acquirer for the purpose of this Open Offer in accordance with provisions of Regulation 2(1)(q)(2) of the SEBI (SAST) Regulations.

A.3. As on the date of this DPS, the Acquirer has not been prohibited by SEBI from dealing in the securities, in terms of direction issued under Section 11B of SEBI Act, 1992 as amended or under any other Regulations made under the SEBI Act.

A.4. As stated above, the Acquirer does not have any other relationship &/or interest in the Target Company including with its Directors, Promoters & key employees. There are no persons on the Board of the Target Company, representing the Acquirer. The Acquirer does not belong to any Group.

A.5. The Acquirer undertakes that she will not sell the equity shares of the Target Company, held and acquired by her, if any, during the Offer Period in terms of Regulation 25(4) of the SEBI (SAST) Regulations.

A.6. The Acquirer is in compliance with the applicable provisions of Chapter V of SEBI (SAST) Regulations in respect to acquisition of equity shares in the Target Company.

A.7. The Acquirer has not been categorised as a wilful defaulter or a fugitive economic offender.

B. INFORMATION ABOUT THE SELLERS:

B.1. The details of the Sellers are outlined herein as below:

Sr. No.	Name and Address of the Sellers	No. & % of Shares/ Voting Rights held before entering into the SPA's dated 05.08.2024	No. & % of Shares/ Voting Rights proposed to be sold through the SPA's dated 05.08.2024
1.	Mr. Venkatalakshmi Narasimha Raju Kosuri, an Individual, presently residing at HNO: 8-2-293/82/4/933, Road No. 47, Jubilee Hills, Hyderabad- 500096.	481263 (5.14%)	481263 (5.14%)
2.	Mrs. Kosuri Lakshmi Raju, an Individual, presently residing at Plot No 933, Road No. 47, Near Hanuman Temple, Jubilee Hills, Hyderabad- 500033.	4501 (0.05%)	4501 (0.05%)
3.	M/s. Jinnur Investments Private Limited **('JIPL')**, a Private Limited Company incorporated on February 08, 1991 under the provisions of the Companies Act 1956, having CIN U65910TG1991PTC012307 and its registered office being situated at Plot No. 56, Nagarjuna Hills, Panjagutta, Hyderabad- 500082. The equity shares of JIPL are not listed on any stock exchange. There has been no change in the name of JIPL since its incorporation.	2133405 (22.77%)	2133405 (22.77%)
4.	M/s. Krishna Holdings Private Limited **('KHPL')** a Private Limited Company incorporated on March 21, 1990 under the provisions of the Companies Act 1956, having CIN U65993TG1990PTC011136 and its registered office being situated at Plot No. 56, Nagarjuna Hills, Panjagutta, Hyderabad-500082. The equity shares of KHPL are not listed on any stock exchange. There has been no change in the name of KHPL since its incorporation.	325000 (3.47%)	325000 (3.47%)
5.	Mrs. Suji Katari, an individual, presently residing at Flat No.: 403, Plot No:680&681, Rani Residency, Road No -18, Gopal Nagar, Hyderabad - 500085, P.O. JNTU, Kukatpally, Mandal Malkajigiri Dist. Telengana.	614200 (6.56%)	614200 (6.56%)
6.	M/s. Dhanavantari Agro Farms Private Limited **('DAFPL')** a Private Limited Company incorporated on December 01, 2004 under the provisions of the Companies Act 1956, having CIN U01210TG2004PTC044743 and its registered office being situated at Flat No 1003, Block No 13, Hill Ridge Springs, Gachibowli, Hyderabad- 500032. The equity shares of DAFPL are not listed on any stock exchange. There has been no change in the name of DAFPL since its incorporation.	2100000 (22.41%)	2100000 (22.41%)
	TOTAL	**5658369 (60.39%)**	**5658369 (60.39%)**

B.2. The Sellers namely Mr. Venkatalakshmi Narasimha Raju Kosuri, Mrs. Kosuri Lakshmi Raju, M/s. Jinnur Investments Private Limited and M/s. Krishna Holdings Private Limited form part of the Promoters/ Promoter Group (hereinafter collectively referred to as the **"Promoter Sellers"**) and the other selling shareholders namely Mrs. Suji Katari and M/s. Dhanavantari Agro Farms Private Limited (hereinafter collectively referred to as the **"Public Sellers"**) are declared as the Promoters and Public Shareholders respectively, in the declarations filed with the Stock Exchange under the SEBI (SAST) Regulations read with SEBI (LODR) Regulations, as amended from time to time wherever applicable. The Promoter Sellers and Public Sellers (hereinafter collectively referred to as the **"Sellers"**) do not belong to any group.

B.3. Pursuant to the completion of the sale and purchase of the Sale Shares, the Promoter Sellers will cease to be the Promoters of the Target Company and relinquish the management and control of the Target Company in accordance with the provisions of Regulation 31A of the SEBI (LODR) Regulations, and as per the provisions of the SEBI (SAST) Regulations.

B.4. None of the Sellers (including their Directors) are wilful defaulters or fugitive economic offenders and neither of them have been prohibited by the SEBI from dealing in securities, in terms of direction issued under Section 11B of SEBI Act as amended or under any other Regulations made under the SEBI Act.

B.5. As on the date of this DPS, none of the Equity Shares forming part of the Sale Shares are under lien, encumbrance or lock-in by the Sellers of the Target Company.

C. INFORMATION ABOUT THE TARGET COMPANY:

C. 1. Nagarjuna Agri-Tech Limited (**'NATL'**) was incorporated on November 24, 1987 under the Companies Act, 1956 as a Private Limited Company in the name and style of "Nagarjuna Health Products Private Limited" with the Registrar of Companies (**'ROC'**), Andhra Pradesh. Subsequently, the name of the Target Company was changed to "Nagarjuna Agri-Tech Private Limited" and a fresh certificate of Incorporation consequent on change of name was issued on April 05, 1994. The name of the Target Company was subsequently rechristened to its present name pursuant to the receipt of the shareholders' approval on September 03, 1994 by way of a Special Resolution and a fresh certificate of incorporation consequent upon change of name was issued on January 19, 1995 by the Registrar of Companies, Andhra Pradesh. Pursuant to such conversion of the Target Company into a Public Limited Company the equity shares of the Company were listed on BSE w.e.f. July 08, 1996. The Registered Office of the NATL is presently situated at 56 Nagarjuna Hills, Panjagutta, Hyderabad- 500082. The CIN of NATL is L01119TG1987PLC007981. Tel No. (+91) 8977398159, email: natl@rediffmail.com. There has been no change in the registered office of NATL during the last three years.

C.2. The Authorised Share Capital of the NATL is Rs. 10,00,00,000/- divided into 10000000 equity shares of face value of Rs.10/- each. The Issued, Subscribed and Paid-up equity share capital of NATL is Rs. 9,36,91,000/- divided into 9369100 equity shares of face value of Rs.10/- each. NATL has established its connectivity with both Central Depositories Services (India) Limited and National Securities Depository Limited. The ISIN of NATL is INE793H01017 and the marketable lot for equity share is 1 (One).The Target Company is engaged in the business of floriculture i.e., cultivating and selling of Roses, (both local sales and exports).

C.3. As on the date of this DPS, the Target Company does not have any partly paid- up equity shares. There are no outstanding warrants or options or similar instruments, convertible into equity shares at a later stage. No equity shares are subject to any lock-in obligations.

C.4. The entire equity shares of NATL are presently listed at BSE only. The equity shares of NATL are frequently traded on BSE within the meaning of definition "frequently traded shares" under Regulation 2(1)(j) of the SEBI (SAST) Regulations.

C.5. Brief audited standalone financial Information of the Target Company for the Financial Years ended 31.03.2022, 31.03.2023 and 31.03.2024 are as follows:

(Rs. in Lakhs)

Particulars	Financial Year ended 31.03.2022	Financial Year ended 31.03.2023	Financial Year ended 31.03.2024
	(Audited)	(Audited)	(Audited)
Total Revenue	263.66	264.50	273.92
Net Income/ (Loss)	(45.93)	(16.88)	358.35*
EPS	(0.35)	(0.18)	3.82
Net worth /Shareholder Funds	268.01	288.31	666.36

*Includes income from Exceptional Items, i.e., income from profit on sale of unlisted equity, profit/loss on Sale of Assets and Assets written off by the Target Company.

Source: Annual Reports/ Audited Financial Statements certified by the Statutory Auditor of NATL.

C.6. The present Board of Directors of NATL comprises of Mr. Venkatalakshmi Narasimha Raju Kosuri, Mr. Viswanadha Raju Namburi, Mr. Rama Devi Numburi, Mr. Soma Raju Kallepalli and Mr. Mahender Reddy Nalavola. Mr. Sitapathi Raju Kosuri is the Chief Financial Officer and Ms. Chandni Vardani is the Company Secretary and Compliance Officer of NATL.

D. DETAILS OF THE OPEN OFFER:

D.1. The Acquirer is making this mandatory Open Offer under the provisions of Regulation 3(1) and 4 of the SEBI (SAST) Regulations to acquire upto 2435966 (Twenty-Four Lakhs Thirty-Five Thousand Nine Hundred and Sixty-Six) equity shares of face value of Rs.10/- each representing 26.00% of total paid-up equity and voting share capital of the Target Company, at a price of Rs. 20/- (Rupees Twenty Only) per equity share (the **"Offer Price"**) payable in cash, aggregating to Rs. 4,87,19,320/- (Rupees Four Crores Eighty-Seven Lakhs Nineteen Thousand Three Hundred and Twenty Only) **("Offer Size")**, subject to the terms and conditions mentioned hereinafter.

D.2. This Open Offer is being made to all the equity shareholders of the Target Company as on Thursday, September 12, 2024 **("Identified Date"),** except the Acquirer and Sellers, including persons deemed to be acting in concert with such parties.

D.3. The Acquirer shall after the expiry of twenty-one working days from the date of DPS be entitled to, act upon the Agreements and may complete the acquisition of shares or voting rights in, or control over the Target Company as contemplated under Regulation 22(2) of the SEBI (SAST) Regulations on deposit of 100% of the consideration payable, assuming full acceptance, in cash, in the Escrow Account.

D.4. The Promoter Sellers undertake that in case the Acquirer so desires, they shall immediately facilitate to appoint her or her nominees on the Board of Directors of the Target Company in terms of Proviso to Regulation 24(1) read with Regulation 17 of the SEBI (SAST) Regulations and also transfer the shares in the demat account of the Acquirer as mentioned in the SPA's in terms of compliance of Regulation 22(2) and 24(1) of the SEBI (SAST) Regulations.

D.5. The payment of consideration shall be made in cash to all the equity shareholders, who have tendered their equity shares in acceptance of the Open Offer, within ten working days of the expiry of the Tendering Period.

D.6. The Offer is subject to receipt of statutory and other approvals as mentioned in Section VI of this DPS.

D.7. This Offer is not pursuant to any global acquisition resulting in an indirect acquisition of equity shares of the Target Company.

D.8. This Offer is not conditional upon any minimum level of acceptance in terms of the Regulation 19(1) of the SEBI (SAST) Regulations and not a Competitive Bid in terms of the Regulation 20 of the SEBI (SAST) Regulations.

D.9. There are no conditions as stipulated in the SPA's, the meeting of which would be outside the reasonable control of the Acquirer and in view of which the Offer might be withdrawn under Regulation 23(1) of the SEBI (SAST) Regulations.

D.10. In compliance with the provisions of Regulation 31A of SEBI (LODR) Regulations, and subsequent amendments thereto, the Acquirer is making this mandatory Open Offer and upon successful completion of the Open Offer, the Acquirer will acquire control over the Target Company and will become the Sole Promoter of the Target Company.

D.11. The Manager to the Offer, M/s. VC Corporate Advisors Private Limited, do not hold any equity shares in the Target Company as on the date of this DPS. The Manager to the Offer further declares and undertakes that they will not deal on their own account in the equity shares of the Target Company during the Offer Period.

E. The Acquirer does not have any plans to dispose off or otherwise encumber any significant assets of NATL in the succeeding 2 (two) years from the date of closure of the Open Offer, except in the ordinary course of business of the Target Company and except to the extent required for the purpose of restructuring and/or rationalization of the business, assets, investments, liabilities or otherwise of the Target Company. In the event any substantial asset of the Target Company is to be sold, disposed off or otherwise encumbered other than in the ordinary course of business, the Acquirer undertakes that she shall do so only upon the receipt of the prior approval of the shareholders of the Target Company through special resolution in terms of Regulation 25(2) of SEBI (SAST) Regulations and subject to the provisions of applicable law as may be required.

F. As per Regulation 38 of the SEBI (LODR) Regulations read with Rule 19(2) and 19A of the Securities Contract (Regulation) Rules, 1957 as amended **("SCRR")** the Target Company is required to maintain at least 25% public shareholding **("Minimum Public Shareholding"),** as determined in accordance with SCRR, on continuous basis for listing. Upon completion of the Transaction, if the public shareholding of the Target Company falls below the minimum level of public shareholding as required to be maintained by the Target Company as per the SCRR and the SEBI (LODR) Regulations, the Acquirer undertakes to take necessary steps to facilitate the compliance by the Target Company with the relevant provisions prescribed under the SCRR as per the requirements of Regulation 7(4) of the SEBI (SAST) Regulations and/or the SEBI (LODR) Regulations, within the time period stated therein, i.e., to bring down the non-public shareholding to 75% within 12 months from the date of such fall in the public shareholding to below 25%, through permitted routes and any other such routes as may be approved by SEBI from time to time.

II. BACKGROUND TO THE OFFER:

> ब्रह्मांडपुराण में आया है कि काशी (उत्तर प्रदेश) एवं कांची (तमिलनाडु), दो नगरियां भगवान शिव की दो आंखें हैं। यद्यपि कांची प्रसिद्ध वैष्णव क्षेत्र है किंतु वहां भगवान शिव का सान्निध्य है। बार्हस्पत्यसूत्र (3/124) में ऐसा उल्लेख है कि कांची एक विख्यात शाक्त क्षेत्र है और देवीभागवत (7/38/8) में आया है कि कांची अन्नपूर्णा नामक देवीस्थान है।

देवों के देव

शिव को पशुपति कहा गया है। महाकवि कालिदास के बहुत पहले से शिव की पूजा अर्ध पुरुष और अर्ध नारी के रूप में प्रचलित थी। कालिदास के मालविकाग्निमित्र और कुमारसंभव में शिव का अर्धनारीश्वर रूप में वर्णन है। शिव को पंचतुंड (पंचमुख-पंचानन) कहा जाता है। इनके पांच स्वरूप हैं - सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान।

कुछ कारणों से राजस्थान के सवाई माधोपुर के शिवाड़ ग्राम में भी लोग घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग मानते हैं।

शिव की नगरियां, काशी और कांची

ब्रह्माण्डपुराण में आया है कि काशी (उत्तर प्रदेश) एवं कांची (तमिलनाडु), दो नगरियां भगवान शिव की दो आंखें हैं। यद्यपि कांची प्रसिद्ध वैष्णव क्षेत्र है किंतु वहां भगवान शिव का सान्निध्य है। बार्हस्पत्यसूत्र (3/124) में ऐसा उल्लेख है कि कांची एक विख्यात शाक्त क्षेत्र है और देवीभागवत (7/38/8) में आया है कि कांची अन्नपूर्णा नामक देवीस्थान है। कांची मंदिरों एवं तीर्थों से परिपूर्ण है, जिनमें अत्यंत प्रसिद्ध है पल्लव राजसिंह द्वारा निर्मित कैलासनाथ का शिव-मंदिर एवं विष्णु का वैकुंठ पेरुमल मंदिर। भगवान विश्वनाथ वाराणसी के रक्षक देव हैं और इनका मंदिर सर्वोच्च एवं परम पवित्र है।

वायुपुराण और शिवपुराण

वायु एक शुद्ध महापुराण है पर शिवपुराण पश्चात्कालीन कृति है। यह मात्र उपपुराण है। अल्बरूनी में इसके विषय का प्राचीनतम संकेत एवं उल्लेख है। यह सात संहिताओं में विभक्त है - विद्येश्वर, रुद्रसंहिता (सृष्टि, सती, पार्वती, कुमार एवं युद्ध नामक पांच भागों में), शतरुद्र, कोटिरुद्र, उमा, कैलास, वायवीय (दो भागों में)। इसमें लगभग 23000 श्लोक हैं। कोटिरुद्रसंहिता (अध्याय 35) में शिव के एक सहस्र नाम दिए हुए हैं।

महेश्वर के 28 अवतार

शास्त्रों में भगवान विशेषण शिव के लिए प्रयुक्त है। श्वेताश्वतर—उपनिषद ने शिव को सर्वव्यापी और भगवान कहा है। पाणिनि पर अपने भाष्य में पतंजलि ने शिव-भागवत का उल्लेख किया है, जिसका तात्पर्य उस भक्त से हैं जो अपने साथ शिव के आयुध त्रिशूल को लेकर चलता है। अमरकोष ने शिव को ईश्वर और सर्वज्ञ कहा है। पुराणों ने भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों के क्रिया-कलापों का पर्याप्त उल्लेख किया है किंतु ऐसा नहीं समझना चाहिए कि शिव के अवतार नहीं थे। वायुपुराण (अध्याय 23) ने महेश्वर के 28 अवतारों का उल्लेख किया है, जिनमें अंतिम है नकुली। संस्कृत साहित्य के अमर कवि कालिदास ने शिव के अर्धनारीश्वर रूप का उल्लेख किया है और अभिज्ञान-शाकुंतल में उन्हें अष्टमूर्ति रूप में वर्णित किया है।

सगुण और निर्गुण हैं शिव

11वीं शती के तंत्र-ग्रंथ शारदातिलक में आया है कि शिव निर्गुण एवं सगुण, दोनों हैं। इनमें प्रथम प्रकृति से भिन्न और दूसरे प्रकृति से संबंधित हैं। सगुण परमेश्वर से, जो सच्चिदानंद—विभव कहा जाता है, शक्ति का उद्भव होता है। शक्ति से नाद (की उत्पत्ति होती है। नाद से बिंदु का उद्भव होता है और बिंदु तीन भागों में विभक्त है - बिंदु (अपर), नाद (अपर) एवं बीज। प्रथम का शिव से तादात्म्य है, बीज शक्ति है और नाद दोनों अर्थात शिव एवं शक्ति का सम्मिलन है। शारदातिलक (1/73) में एक पंचाक्षर मन्त्र है - नमः शिवाय, जो लिंगपुराण से यहां आया है। यही मंत्र छह अक्षरों वाला हो जाता है जब ओम् पहले लगा दिया जाता है। कश्मीर के शैव संप्रदाय से संबंधित भट्ट वामदेव कृत जन्ममरणविचार नामक ग्रंथ में आया है कि शिव की तीन शक्तियां हैं - चित (जो प्रकाश या चेतना के समान है), स्वातन्त्र्य (इच्छा-स्वातंत्र्य) एवं आनंद शक्ति। रामचरितमानस में प्रभु शिव और माता पार्वती श्रद्धा और विश्वास के रूप हैं, जिनसे ज्ञान, वैराग्य और भक्ति प्राप्त होते हैं।

आस्था

हरिद्वार में रविवार को मुल्तान ज्योत महोत्सव के दौरान गंगा नदी में डुबकी लगाते श्रद्धालु।

मां पार्वती और भोलेनाथ को समर्पित है हरतालिका तीज

हर साल भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का पर्व मनाया जाता है। यह व्रत माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। इस बार हरतालिका तीज छह सितंबर 2024 को मनाई जाएगी। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत भी रखती हैं। महिलाएं यह व्रत पति की लंबी आयु, सुखी वैवाहिक जीवन और माता पार्वती के समान अखंड सौभाग्य की कामना से करती हैं। यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और सुख-सौभाग्य की कामना के लिए रखती हैं। कुछ स्थानों में कुंवारी कन्याएं भी अच्छे वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती हैं।

निर्जला व्रत होने के कारण ये बेहद ही कठिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरतालिका तीज व्रत रखने से संतान की प्राप्ति के योग बनते हैं। वहीं कुंवारी लड़कियां भी मनचाहे वर के लिए ये व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, गलती से भी ऐसा कुछ काम नहीं करने चाहिए अन्यथा जीवनसाथी के लिए समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हरतालिका तीज का व्रत सुहाग के लिए रखा जाता है, इसलिए इस दिन व्रती को काले वस्त्र और काले रंग की चूड़ियों को नहीं पहनना चाहिए। हरतालिका तीज पर पवित्र और मन से व्रत रखना चाहिए। इस दिन क्रोध, घृणा, विवाद जैसी नकारात्मक चीजों से बचने की आवश्यकता है। इस दिन आप पति के साथ वाद-विवाद या झगड़ा न करें। कोई ऐसी बात न करें, जिससे उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंचे। हरतालिका तीज के दिन सिंदूर का अनादर न करें, उसे इधर-उधर न फेंके। सिंदूर को सदैव सिंदूरदानी में ही रखें। तीज माता की पूजा के साथ भगवान गणेश और महादेव की भी पूजा करें। गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और शिव के साथ ही पार्वती जी पूर्ण मानी जाती हैं। गणेश और शिव जी की पूजा न करने से माता पार्वती नाराज हो सकती हैं, जिसकी वजह से हरतालिका तीज व्रत अपूर्ण माना जा सकता है।

> निर्जला व्रत होने के कारण ये बेहद ही कठिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरतालिका तीज व्रत रखने से संतान की प्राप्ति के योग बनते हैं। वहीं कुंवारी लड़कियां भी मनचाहे वर के लिए ये व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, गलती से भी ऐसा कुछ काम नहीं करने चाहिए अन्यथा भगवान भोलेनाथ नाराज हो जाते हैं और जीवनसाथी के लिए समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हरतालिका तीज का व्रत सुहाग के लिए रखा जाता है, इसलिए इस दिन व्रती को काले वस्त्र और काले रंग की चूड़ियों को नहीं पहनना चाहिए। हरतालिका तीज पर पवित्र मन से व्रत रखना चाहिए।

शिव की संकल्पना का मुख्य प्रतीक है बिल्वपत्र

पवन गौतम

देवों के देव महादेव का अभिषेक भांग, धतूरे, फल, फूल और बिल्वपत्र इत्यादि से किया जाता है। माना जाता है कि भगवान शंकर की पूजा बिना बिल्वपत्र के अधूरी होती है। बिल्वपत्र में तीन पत्तियां एक साथ जुड़ी होती हैं। इसे लेकर कई तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं। तीन पत्तों को कहीं त्रिदेव यानी सृजन, पालन और विनाश के देव ब्रह्मा, विष्णु और शिव, तो कहीं तीन गुणों जैसे सत्व, रज और तम, तो कहीं तीन आदि ध्वनियों, जिनकी सम्मिलित गूंज से ऊं बनता है, का प्रतीक माना जाता है। बिल्वपत्र की इन तीन पत्तियों को महादेव की तीन आंखें या उनके शस्त्र त्रिशूल का भी प्रतीक माना जाता है।

एक पौराणिक कथा के अनुसार एक बार नारद ने भोलेनाथ की स्तुति की और पूछा कि प्रभु! आपको प्रसन्न करने के लिए सबसे आसान साधन क्या है? नारद की बात सुनकर भगवान बोले कि जो भी भक्त अखंड बिल्वपत्र श्रद्धा से अर्पित करते हैं तो शिव उन्हें अपने लोक में स्थान देते हैं। यह बात सुनकर नारद अपने लोक को चले गए, लेकिन उनके जाने के बाद मां पार्वती ने भगवान से पूछा कि आपको बिल्वपत्र इतना प्रिय क्यों है? इस पर भगवान ने कहा कि बिल्व के पत्ते उनकी जटा के समान हैं। उसका त्रिपत्र यानी तीन पत्ते ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद हैं और उसकी शाखाएं समस्त शास्त्रों का स्वरूप हैं। मनुष्य को बिल्ववृक्ष को पृथ्वी का कल्पवृक्ष समझना चाहिए। स्वयं महालक्ष्मी ने शैल पर्वत पर बिल्ववृक्ष रूप में जन्म लिया था।

महादेव

> एक पौराणिक कथा के अनुसार एक बार नारद ने भोलेनाथ की स्तुति की और पूछा कि प्रभु! आपको प्रसन्न करने के लिए सबसे आसान साधन क्या है? नारद की बात सुनकर भगवान बोले कि जो भी भक्त अखंड बिल्वपत्र श्रद्धा से अर्पित करते हैं तो शिव उन्हें अपने लोक में स्थान देते हैं। यह बात सुनकर नारद अपने लोक को चले गए, लेकिन उनके जाने के बाद मां पार्वती ने भगवान से पूछा कि आपको बिल्वपत्र इतना प्रिय क्यों है? इस पर भगवान ने कहा कि बिल्व के पत्ते उनकी जटा के समान हैं।

भगवान के मुख से ऐसी बात सुनकर पार्वती सोच में पड़ गईं कि माता लक्ष्मी ने आखिर बिल्ववृक्ष का रूप क्यों लिया? पार्वती को इस तरह दुविधा और आश्चर्य में देखकर भगवान ने कहा कि सतयुग में ज्योतिरूप रामेश्वर लिंग का ब्रह्मा सहित सभी देवों ने विधिवत पूजन-अर्चन किया था। फलतः उनके अनुग्रह से वाग्देवी सबकी प्रिय हो गईं। वह भगवान विष्णु को सतत प्रिय हो गईं। शिव के प्रभाव से भगवान केशव के मन में वाग्देवी के लिए जितनी प्रीति हुई वह स्वयं लक्ष्मी को नहीं पसंद आई। अतः लक्ष्मी देवी चिंतित और रुष्ट होकर परम उत्तम श्री शैल पर्वत पर चली गईं। वहां उन्होंने लिंग विग्रह की उग्र तपस्या करनी शुरू कर दी। तपस्या के कुछ समय बाद महालक्ष्मी ने विग्रह से थोड़ा ऊर्ध्व में एक वृक्ष का रूप धारण कर लिया और अपने पत्र-पुष्प द्वारा निरंतर मेरा पूजन करने लगीं। इस तरह उन्होंने वर्षों तक आराधना की और अंततः उन्हें शिव का अनुग्रह प्राप्त हुआ। महालक्ष्मी ने श्रीहरि के हृदय में वाग्देवी के प्रति स्नेह को समाप्त करने का वर मांगा। तब भगवान शिव ने देवी लक्ष्मी को समझाया कि श्रीहरि के हृदय में आपके अतिरिक्त किसी और के लिए कोई प्रेम नहीं है। वाग्देवी के प्रति तो उनकी केवल श्रद्धा है। यह सुनकर लक्ष्मी बहुत प्रसन्न हो गईं और पुनः विष्णु के हृदय में स्थित होकर निरंतर उनके साथ विहार करने लगीं। शिव पुराण के मुताबिक, समुद्र मंथन से निकले विष से संसार संकट में पड़ गया और कोई भी उस विष को ग्रहण करने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद सभी देव और दानव शिव के पास इस समस्या का हल निकालने के लिए पहुंचे। तब भगवान शिव ने संसार की रक्षा के लिए उस विष को अपने गले में धारण कर लिया। इससे शिव के शरीर का तापमान बढ़ने लगा और उनका गला नीला पड़ गया।

शिव के शरीर का तापमान बढ़ने से ब्रह्मांड में आग लगने लगी, जिसके कारण पृथ्वी के सभी प्राणियों का जीवन कठिन हो गया। सृष्टि के हित में विष के प्रभाव को खत्म करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव को बिल्वपत्र दिए। बिल्वपत्र खाने से विष का प्रभाव कम हो गया। ऐसा कहा जाता है कि तभी से भगवान शिव को बिल्वपत्र चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई। भगवान शिव को बिल्वपत्र चढ़ाने के लिए शास्त्रों में कुछ नियम बताए गए हैं। बिल्वपत्र हमेशा चिकनी सतह की तरफ से ही चढ़ाना चाहिए। कभी भी कटे हुए बिल्वपत्र नहीं चढ़ाने चाहिए।

भगवान को बिल्वपत्र तीन पत्तों से कम नहीं चढ़ाने चाहिए। हमेशा विषम संख्या जैसे तीन, पांच, या सात ही बिल्वपत्र चढ़ाने चाहिए। बेलपत्र हमेशा मध्यमा, अनामिका उंगली और अंगूठे से पकड़कर ही चढ़ाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि बिल्वपत्र कभी अशुद्ध नहीं होता है, इसलिए पहले से अर्पित किए हुए बिल्वपत्र को धोकर फिर से चढ़ाया जा सकता है।

www.readwhere.com

प्रधानमंत्री मोदी ने दी किसानों को सौगात, जारी की

ज्यादा उपज वाली बीजों की 109 किस्में

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्मों को जारी किया। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं।

मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी ने किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्त्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्त्व पर जोर दिया। इस अवसर पर मौजूद किसानों ने कहा कि 61 फसलों से संबंधित ये नई किस्में कम लागत के कारण उनके लिए अत्यधिक लाभकारी होंगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि लोग किस तरह पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती रुचि के बारे में भी बात की। मोदी ने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग और मांग करना शुरू कर दिया है। बयान के मुताबिक, किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में सरकार के प्रयासों और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि केवीके को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के लाभों के बारे में किसानों को सक्रिय रूप से बताना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाद में कहा कि आज का दिन किसानों के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि 61 फसलों की बीजों की 109 किस्में जारी की गई हैं। इससे किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिलेगी। चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु के अनुकूल हैं और प्रतिकूल मौसम में भी अच्छी फसल दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये किस्में पोषण से भरपूर हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे अप्रचलित फसलों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री के सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं।

खेती की फसलों में अनाज, बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और फाइबर फसलें शामिल हैं। वहीं बागवानी की फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की नई किस्में शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2014 से ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने लगातार जैव-सुदृढ़ किस्मों को बढ़ावा देने पर जोर दिया है, और कुपोषण से निपटने के लिए उन्हें मध्याह्न भोजन योजना और आंगनवाड़ी सेवाओं जैसी सरकारी पहलों से जोड़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्त्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्त्व पर जोर दिया। *उन्होंने* इस बात पर जोर दिया कि लोग किस तरह पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे हैं।

हिंडनबर्ग मामला : वाम दलों ने भी जेपीसी जांच की मांग की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

वाम दलों ने अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधवी बुच के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन करने की रविवार को मांग की।

माकपा ने एक बयान में कहा कि पहले अडाणी समूह की कंपनियों द्वारा शेयर मूल्य में हेराफेरी को उजागर कर चुकी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अब सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच और उनके पति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। माकपा ने कहा कि नियामक की प्रमुख के खिलाफ इन गंभीर आरोपों को देखते हुए, यह जरूरी है कि उचित जांच होने तक वह अध्यक्ष पद से हट जाएं। माकपा का पोलित ब्यूरो अपनी मांग दोहराता है कि अडाणी समूह के शेयर में हेरफेर के पूरे मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित की जानी चाहिए। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि हिंडनबर्ग मामले में नवीनतम खुलासे में नियामक सेबी पर आरोप लगाया गया है और यह भी कहा गया है कि इसकी अध्यक्ष भी हेरफेर में शामिल थीं। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए और जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित की जानी चाहिए। भाकपा के महासचिव डी राजा ने कहा कि जेपीसी गठित हो या नहीं, प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस मुद्दे पर बोलना चाहिए। खुलासे ने भाजपा सरकार की पूरी तरह से पोल खोल दी है। उजागर हो गया है कि किस तरह प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार देश की संपत्ति लूटने के लिए कारपोरेट घरानों, विशेषकर अडाणी को समर्थन दे रही है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि नियामक की प्रमुख के खिलाफ इन गंभीर आरोपों को देखते हुए, यह जरूरी है कि उचित जांच होने तक वह अध्यक्ष पद से हट जाएं। बिना इसके निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

संपदा प्रबंधन कंपनी 360 वन ने कहा

अपने कोष से अडाणी के शेयरों में निवेश नहीं किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

संपदा प्रबंधन कंपनी 360 वन ने हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रपट में किए गए दावों पर रविवार को कहा कि उसके पूर्ववर्ती आइपीई-प्लस फंड-1 ने अडाणी समूह के शेयरों में कोई निवेश नहीं किया था।

कंपनी 360 वन (पूर्व में आइआइएफएल वेल्थ मैनेजमेंट) ने एक बयान में कहा कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच का इस निवेश फंड में कुल प्रवाह का 1.5 फीसद से भी कम निवेश था और किसी भी निवेशक की निवेश निर्णयों में कोई संलिप्तता नहीं थी। कंपनी ने कहा कि इस फंड ने नियामकीय नियमों का पूरी तरह पालन किया था। यह फंड अक्तूबर, 2013 से लेकर अक्तूबर, 2019 के बीच सक्रिय था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'फंड की पूरी अवधि के दौरान आईपीई-प्लस फंड-1 ने किसी भी फंड के जरिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अडाणी समूह के किसी भी शेयर में शून्य निवेश किया है।'

फंड के लिए प्रबंधन के तहत अधिकतम परिसंपत्तियां लगभग 4.8 करोड़ डालर थीं और एयूएम का 90 फीसद से अधिक लगातार बांड में निवेश किया गया था। इस बीच, म्यूचुअल फंड उद्योग निकाय एम्फी ने रविवार को सेबी प्रमुख बुच का समर्थन किया।

एम्फी ने कहा, 'नियामक की अध्यक्ष पर हाल की टिप्पणियों ने न केवल भारतीय पूंजी बाजार में माधबी बुच के योगदान को कम करने का प्रयास किया है, बल्कि यह हमारे देश की आर्थिक प्रगति को भी कमजोर करता है। बाजार पारिस्थितिकी में विश्वास की कमी पैदा करने वाले प्रयासों को वास्तव में ऐसे देखा जाना चाहिए कि ये अतीत की अलग-अलग घटनाओं को जोड़कर सनसनी पैदा करने का प्रयास हैं।' म्यूचुअल फंड निकाय ने चेतावनी दी कि यदि आरोपों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के मार्ग में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न कर सकते हैं।

म्यूचुअल फंड निकाय ने चेतावनी दी कि यदि आरोपों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के मार्ग में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न कर सकते हैं।

आस्था

जयपुर में रविवार को पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान भगवान शंकर की वेशभूषा में प्रस्तुति देता एक कलाकार।

देश में वित्तीय अस्थिरता की साजिश का हिस्सा है विपक्ष : भाजपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच के खिलाफ जारी रपट को खारिज कर दिया और इसे देश के प्रतिभूति बाजार नियामक को बदनाम करने का प्रयास करार दिया।

केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर भारत में वित्तीय अस्थिरता और अराजकता पैदा करने की साजिश का हिस्सा होने का आरोप भी लगाया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले साल अडाणी समूह के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने वाली 'शार्ट सेलिंग' कंपनी (हिंडनबर्ग) भारतीय जांच एजंसियों की जांच का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भी हिंडनबर्ग के आरोपों के साथ सुर मिला रहे हैं और साजिश अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि वे अराजकता और अस्थिरता पैदा करना चाहते हैं, खासकर वित्तीय क्षेत्र में। विदेशी धरती से आई ऐसी कई आलोचनात्मक रपट को संसद सत्रों के ठीक पहले जारी किए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को पता था कि ये रिपोर्ट संसद सत्र के दौरान आने वाली है। संसद का मानसून सत्र पहले सोमवार को समाप्त होना था लेकिन इसे शुक्रवार को ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि शार्ट सेलिंग कंपनी ने कांग्रेस के साथ 'स्पष्ट साझेदारी' में बाजार नियामक सेबी पर हमला किया है और इसका एक मकसद और लक्ष्य है।

भाजपा ने कहा कि विपक्षी दल भी हिंडनबर्ग के आरोपों के साथ सुर मिला रहे हैं।

हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए : संजय सिंह

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को कहा कि अमेरिकी शोध व निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए।

आप सांसद संजय सिंह ने रविवार को आरोप लगाते हुए कहा कि हवाला के जरिए विदेशी फर्जी कंपनियों को पैसा देकर भारत की डूबती हुई कंपनियों के शेयर खरीदे गए। इससे देश के लोगों ने भी उन कंपनियों के शेयर खरीदे, जिससे देश के लोगों के कई लाख करोड़ रुपए डूब गए। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी ने सुप्रीम कोर्ट के एक पैनल से कहा था कि अडाणी समूह के संबंध में जांच दिशाहीन है।

उन्होंने कहा कि सेबी प्रमुख और उनके पति का पैसा मुखौटा कंपनियों में निवेश किया गया था। ये तथ्य सुप्रीम कोर्ट से क्यों छिपाए गए? सुप्रीम कोर्ट को नए घटनाक्रम पर ध्यान देना चाहिए और देखना चाहिए कि किस तरह तथ्यों को छिपाया गया।

आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि हवाला के जरिए विदेशी फर्जी कंपनियों को पैसा देकर भारत की डूबती हुई कंपनियों के शेयर खरीदे गए।

राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग मामले पर कहा

सेबी की शुचिता से 'गंभीर समझौता' हुआ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष के खिलाफ लगे आरोपों से संस्था की शुचिता के साथ 'गंभीर समझौता' हुआ है और उन्होंने सवाल किया कि क्या सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर फिर स्वतः संज्ञान लेगा।

कांग्रेस नेता गांधी ने इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अब यह 'पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी जेपीसी की जांच से इतने डरे हुए क्यों हैं।गांधी की यह टिप्पणी अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग की शनिवार रात जारी उस रिपोर्ट के बाद आई है जिसमें उसने संदेह जताया है कि अडाणी समूह के खिलाफ कार्रवाई करने में पूंजी बाजार नियामक सेबी की अनिच्छा का कारण सेबी प्रमुख माधवी बुच और उनके पति धवल बुच की अदाणी समूह से जुड़े विदेशी कोष में हिस्सेदारी हो सकती है। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि छोटे खुदरा निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा का दायित्व निभाने वाले प्रतिभूति नियामक सेबी की शुचिता, इसकी अध्यक्ष के खिलाफ लगे आरोपों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश भर के ईमानदार निवेशकों के मन में सरकार के लिए कई सवाल हैं: सेबी की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच ने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया? अगर निवेशकों की गाढ़ी कमाई डूब जाती है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा- प्रधानमंत्री मोदी, सेबी अध्यक्ष या गौतम अडाणी? राहुल गांधी ने सवाल किया कि सामने आए नए और 'बेहद गंभीर' आरोपों के मद्देनजर क्या उच्चतम न्यायालय इस मामले की फिर से स्वतः संज्ञान लेकर जांच करेगा।

उन्होंने सवाल किया कि निवेशक मेहनत की कमाई खो देते हैं तो जिम्मेदार कौन होगा।

पेज 1 का बाकी

उत्तर और उत्तर पश्चिम भारत में भारी बारिश, 28 की मौत

जगह-जगह जलभराव एवं यातायात जाम हो गया। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में रोहिणी के सेक्टर 20 में पानी से भरे पार्क में सात वर्षीय एक बच्चा डूब गया। राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव की सात और पेड़ गिरने की चार सूचनाएं मिलीं। हिमाचल प्रदेश में वर्षाजनित घटनाओं में तीन लड़कियों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता है। राज्य में पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण 280 से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं।

उत्तर प्रदेश के जालौन में दो लोगों की मौत हो गई। जालौन में भारी बारिश के कारण कोच क्षेत्र में एक मकान की छत गिरने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार शाम बुलेटिन में कहा कि राजस्थान के करौली (38 सेमी) में 'असाधारण रूप से भारी वर्षा' हुई, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, पंजाब, हरियाणा, बिहार में भी अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हुई। राजस्थान के जयपुर में अधिकारियों ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण करौली और हिंदुआन में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में भी बारिश हुई। मोहाली, लुधियाना, अमृतसर, रूपनगर और अंबाला समेत कई स्थानों पर बारिश हुई। पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में भी बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस भरे मौसम से राहत मिली। मौसम विभाग की रपट के अनुसार, दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में 129.7 मिमी बारिश हुई। सोम नदी के तटबंध टूटने से हरियाणा के यमुनानगर जिले के कई गांव जलमग्न हो गए। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी बारिश के कारण मंडी तहसील को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाला एक पुल आंशिक रूप से बह गया, जिसके कारण अधिकारियों को यातायात निलंबित करना पड़ा। उधर, उत्तराखंड के चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में भारी बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ने से धुर्मा और ग्वाड़ गांव को जोड़ने वाले दो पैदल पुल बह गए, जिससे इन गांवों के 44 परिवारों का अन्य क्षेत्र से संपर्क टूट गया है। उत्तर प्रदेश में में पिछले 24 घंटे में कई जिलों में झमाझम बारिश हुई है। लगातार हुई बारिश के कारण लोगों को उमस से राहत मिली है।

वहीं उत्तराखंड के चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में भारी बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। कुंड-ऊखीमठ-चोपता-गोपेश्वर हाईवे कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया। हाईवे पर गहरी दरारें आ गईं। मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ने से धुर्मा और ग्वाड़ गांव को जोड़ने वाले दो पैदल पुल बह गए, जिससे इन गांवों के 44 परिवारों का अन्य क्षेत्र से संपर्क टूट गया है। उत्तराखंड में दो अलग-अलग घटनाओं में एक बच्चा सहित दो लोग वर्षा से उफनाई नदियों में बह गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस तथा आपदा प्रबंधन की टीम ने तलाशी अभियान चलाया जिसके बाद आंवलगेट के समीप अमरजीत (10) का शव बरामद हुआ। एक अन्य घटना में, ऋषिकेश में लकड़घाट श्यामपुर में गंगा नदी में एक व्यक्ति बह गया। राज्य आपदा प्रतिवादन बल ने बताया कि नदी में तीन मित्र नहाने गए थे, इसी दौरान उनमें से एक नदी के तेज बहाव में बह गया।

बम धमाके में पूर्व विधायक की पत्नी की मौत

गई। विधायक की पत्नी के अलावा परिवार के किसी सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि बम किसने लगाया, इस बात का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, इस हादसे के पीछे की वजह पारिवारिक विवाद भी हो सकता है।पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप कुकी समुदाय से आते हैं, जबकि उनकी पत्नी चारुबाला मैतेई समुदाय से थीं और कुकी जोमी प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले के एकौ मुलम में रहती थीं। यमथोंग हाओकिप ने 2012 और 2017 के चुनाव में दो बार कांग्रेस के टिकट पर सैकुल सीट से जीत हासिल की थी, वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वे भाजपा में शामिल हो गए थे।

हिंडनबर्ग रपट पर सेबी, बुच, अडाणी समूह और भाजपा का चौतरफा हमला

उल्लंघनों के लिए हिंडनबर्ग को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नोटिस का जवाब देने के बजाय उसने सेबी की विश्वसनीयता पर हमला करने और सेबी अध्यक्ष के चरित्र हनन की कोशिश करने का विकल्प चुना है।'बयान के अनुसार, बुच ने धवल के बचपन के दोस्त अनिल आहूजा की सलाह पर दो फंडों में निवेश करने का फैसला किया था। आहूजा वह व्यक्ति हैं, जिन्हें हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने मारीशस स्थित आईपीई प्लस फंड के संस्थापक और मुख्य निवेश अधिकारी के रूप में पहचाना है।

इनके बारे में अडाणी समूह ने भी अपने बयान में कहा है कि वे अडाणी पावर (2007-2008) में श्रीआई इन्वेस्टमेंट फंड के नामित व्यक्ति थे और उन्होंने जून 2017 को समाप्त नौ वर्षों की अवधि में तीन कार्यकालों के लिए अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक के रूप में कार्य किया।आहूजा के बयान का हवाला देते हुए, बुच ने कहा कि फंड ने किसी भी समय किसी भी अडाणी समूह की कंपनी के किसी भी बांड, इक्विटी या डेरिवेटिव में निवेश नहीं किया। उधर अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग के आरोपों को दुर्भावनापूर्ण और चुनिंदा सार्वजनिक सूचनाओं से छेड़छाड़ करने वाला बताते हुए रविवार को कहा कि उसका बाजार नियामक सेबी की अध्यक्ष या उनके पति के साथ कोई वाणिज्यिक संबंध नहीं है।

अडाणी समूह ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा, 'हिंडनबर्ग के नए आरोप सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचनाओं का दुर्भावनापूर्ण, शरारती और छेड़छाड़ करने वाला चयन है। ऐसा तथ्यों और कानून की अवहेलना करते हुए निजी मुनाफाखोरी के लिए पूर्व-निर्धारित निष्कर्षों पर पहुंचने के इरादे से किया गया है।' समूह ने कहा, 'हम अडाणी समूह के खिलाफ इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं। ये उन अस्वीकार किए जा चुके दावों का दोहराव हैं जिनकी गहन जांच की गई है, जो निराधार साबित हुए हैं और जनवरी, 2024 में उच्चतम न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज कर दिए गए हैं।' वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को खारिज कर दिया और इसे देश के प्रतिभूति बाजार नियामक को बदनाम करने का प्रयास व राजनीति से प्रेरित करार दिया। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर भारत में वित्तीय अस्थिरता और अराजकता पैदा करने की साजिश का हिस्सा होने का आरोप भी लगाया।भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले साल अडाणी समूह के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने वाली 'शार्ट सेलिंग' कंपनी (हिंडनबर्ग) भारतीय जांच एजंसियों की जांच का सामना कर रही है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भी हिंडनबर्ग के आरोपों के साथ सुर मिला रहे हैं और साजिश अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि वे अराजकता और अस्थिरता पैदा करना चाहते हैं, खासकर वित्तीय क्षेत्र में।विदेशी धरती से आई ऐसी कई आलोचनात्मक रपट को संसद सत्रों के ठीक पहले जारी किए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को पता था कि ये रपट संसद सत्र के दौरान आने वाली है। संसद का मानसून सत्र पहले सोमवार को समाप्त होना था लेकिन इसे शुक्रवार को ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि शार्ट सेलिंग कंपनी ने कांग्रेस के साथ 'स्पष्ट साझेदारी' में बाजार नियामक सेबी पर हमला किया है और इसका एक मकसद और लक्ष्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि मैं बार-बार कहता हूं कि कांग्रेस के परिवारवादियों की मदद से कई वैश्विक ताकतें भारत की प्रगति को धीमा करना चाहती हैं। हम उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे। नियामक ने कहा कि उसने अपनी जांच के तहत जानकारी मांगने के लिए 100 से अधिक समन, करीब 1,100 पत्र और ईमेल जारी किए हैं। करीब 12,000 पन्नों वाले 300 से अधिक दस्तावेजों की जांच की गई है।

एक नागरिक की मौत के बाद तेज हुई आतंक निरोधक मुहिम

हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा के रूप में की गई है।इस मुठभेड़ ने पिछले साल सितंबर में कोकेरनाग में ऐसी ही गोलीबारी के बाद हुई मुठभेड़ की दुखद यादें ताजा कर दीं, जब कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष और पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट सहित चार सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। इस दौरान लश्कर-ए-तैयबा के एक कमांडर सहित दो आतंकियों को भी मार गिराया गया था। सुरक्षाबलों ने 15 जुलाई को डोडा जिले में एक मुठभेड़ के बाद कोकेरनाग के जंगलों में तलाश अभियान तेज कर दिया है। इस मुठभेड़ में एक कैप्टन समेत चार जवान शहीद हो गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि हाल ही में अनंतनाग की घटना में शामिल आतंकवादी डोडा में मुठभेड़ से बचकर किश्तवाड़ जिले से सीमा पार कर आए होंगे।

श्रीनगर में रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि पांच अगस्त को इलेक्ट्रानिक माध्यमों से पुष्टि हुई कि जुलाई में डोडा क्षेत्र में आतंकी किश्तवाड़ रेंज को पार कर दक्षिण कश्मीर के कापरान-गरोल क्षेत्र में घुस आए हैं। राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लगातार इन आतंकियों पर नजर रखी और नौ व 10 अगस्त की दरमियानी रात को कापरान के पूर्व में पहाड़ों पर सटीक अभियान चलाया गया, जहां कथित तौर पर ये आतंकी छिपे हुए थे। प्रवक्ता ने कहा कि घायल नागरिकों की आतंकवादी पृष्ठभूमि का पता लगाया जा रहा है। यह इलाका 10,000 फीट से ज्यादा की ऊंचाई पर है, यहां घने जंगल, बड़े-बड़े पत्थर, नाले और जटिल रास्ते हैं, जो अभियान के लिए गंभीर चुनौती पेश करते हैं।

सुरक्षा बल सोच-समझकर आगे बढ़ रहे हैं और आतंकवादियों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और सुरक्षा बल इलाके में आतंकवादियों की तलाश में जुटे हुए हैं। वहीं, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा स्थिति को अस्थिर करने के लिए विदेशी आतंकवादियों को भेज रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के नापाक मंसूबों को नाकाम करने के लिए रणनीति बनाई गई है तथा सुरक्षाबलों की नए सिरे से तैनाती की जा रही है।

सिन्हा ने कहा कि अगले तीन महीनों में स्थिति में बड़ा बदलाव आएगा। जम्मू क्षेत्र में स्थिति पहले शांतिपूर्ण थी लेकिन हालिया समय में खासकर सीमावर्ती जिलों में आतंकी घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। पिछले कुछ महीनों के दौरान भारतीय वायुसेना के काफिले, तीर्थयात्रियों की बस पर हमले और कठुआ में जवानों पर हमले ने उभरते खतरे को उजागर किया है। शनिवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ के दौरान दो जवानों और एक आम नागरिक की मौत हो गई।

डाक्टर से बलात्कार-हत्या मामले में अस्पताल अधीक्षक हटाए गए

कार्रवाई तथा सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया है। उन्होंने तत्काल एवं पारदर्शी जांच के साथ-साथ इस घटना के 'जिम्मेदार लोगों के लिए कठोर सजा' सुनिश्चित करने की भी अपील की।

शहर के कई सरकारी अस्पतालों ने रविवार को आधिकारिक बयान जारी कर सोमवार सुबह से बाह्य रोग विभाग, ऑपरेशन कक्ष और वार्ड ड्यूटी को बंद करने की घोषणा की।मौलाना आजाद मेडिकल कालेज, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल और जीटीबी अस्पताल की 'रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन' ने अपनी गैर आपात सेवाएं निलंबित करने की घोषणा की।

www.readwhere.com

खबर कोना

बांग्लादेश : मोहम्मद यूनुस भ्रष्टाचार मामले में बरी

ढाका, 11 अगस्त (भाषा) ।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को भ्रष्टाचार निरोधक आयोग द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में रविवार को बरी कर दिया गया। यूनुस ने तीन दिन पहले ही पदभार ग्रहण किया है। मीडिया रपट में यह जानकारी दी गई। डेली स्टार समाचार पत्र ने भ्रष्टाचार निरोधक एजंसी के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि ढाका के विशेष न्यायाधीश न्यायालय-4 के न्यायाधीश मोहम्मद रबीउल आलम ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 494 के तहत मामले में अभियोजन वापस लेने की मांग की गई थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की राजकीय यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को दिल्ली पहुंचीं।

कई देशों में हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक स्तर पर : होसबाले

बंगलुरु, 11 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को दावा किया कि विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिशें की जा रही हैं और उन्होंने हिंसाग्रस्त बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के क्षेत्रीय कार्यालय 'धर्मश्री भवन' के उद्घाटन के अवसर पर होसबाले ने कहा कि दुनिया के कई स्थानों पर हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक स्तर पर पहुंच गए हैं और इस संबंध में आवाज उठानी होगी। आरएसएस के दूसरे नंबर के नेता ने दावा किया कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हिंदू जिस देश में रहते हैं, उसके विकास में योगदान दे रहे हैं, वे नियमों और विनियमों का पालन करते हैं और शांति से रहते हैं, जो गर्व की बात है। होसबाले ने कहा, 'फिर भी, विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिशें हो रही हैं। हम देख रहे हैं कि बांग्लादेश में क्या हो रहा है। भारत सरकार अपनी तरफ से कोशिश कर रही है।'

मध्य प्रदेश से बाघों के स्थानांतरण को मंजूरी

भोपाल, 11 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने मध्य प्रदेश से कुछ बाघों को छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओड़ीशा स्थानांतरित करने की मंजूरी दे दी है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार इस कवायद से अन्य राज्यों में बाघों के 'जीन पूल' को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वर्ष 2022 की बाघ जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 785 बाघ हैं। मध्य प्रदेश वन्यजीव प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) शुभरंजन सेन ने बताया, ' एनटीसीए की तकनीकी समिति ने बाघों के स्थानांतरण को मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार की मंजूरी के बाद स्थानांतरण का काम शुरू हो जाएगा।'

बांग्लादेशी नागरिकों को लिखे खुले पत्र में शेख हसीना का दावा

सेंट मार्टिन द्वीप नहीं दिया तो अमेरिका ने कराया तख्तापलट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

बांग्लादेश में जारी उथल पुथल और प्रधानमंत्री पद इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद शेख हसीना ने बड़ा खुलासा किया है। हसीना ने अपनी सरकार के पतन के पीछे अमेरिका का हाथ बताया। पूर्व प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप नहीं सौंपने के कारण उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा, जो बंगाल की खाड़ी में अपना प्रभुत्व स्थापित करने में सक्षम बनाता है।

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेश के लोगों को आगाह किया कि वे कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं। शेख हसीना ने अपने करीबी सहयोगियों के जरिए भेजे गए संदेश में हसीना ने ये बात कही है। इकनकमिक टाइम्स को ये हसीना का ये संदेश हासिल हुआ है। शेख हसीना ने छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था। वे भारत में सुरक्षित स्थान पर रह रही हैं।

संदेश में हसीना ने कहा कि मैंने इस्तीफा दे दिया, ताकि मुझ लाशों का जुलूस न देखना पड़े। वे छात्रों की लाशों पर सत्ता में आना चाहते थे, लेकिन मैंने ऐसा नहीं होने दिया। मैंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। अवामी लीग नेता ने आगे कहा कि मैं सत्ता में बनी रह सकती थी, अगर मैंने सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता को त्याग दिया होता और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर अपना प्रभुत्व कायम करने दिया होता। मैं अपने देश के लोगों से विनती करती हूं, कृपया कट्टरपंथियों के बहकाएं में न आएं। हसीना ने जोर देकर कहा, अगर मैं देश में रहती तो और अधिक लोगों की जान चली जाती और अधिक संसाधन नष्ट हो जाते। मैं देश छोड़ने का बेहद कठिन फैसला लिया। मैं आपकी (बांग्लादेश की जानता) नेता बनी, क्योंकि आपने मुझे चुना, आप मेरी ताकत थे। उन्होंने अवामी लीग के नेताओं की हत्या की निंदा की और भरोसा दिलाया कि जल्द देश लौटेंगी।आरक्षण विरोधी आंदोलन का जिक्र करते हुए हसीना ने कहा कि मैं बांग्लादेश के युवा छात्रों से दोहराना चाहूंगी। मैंने आपको कभी रजाकार नहीं कहा। आपको भड़काने के लिए मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। मैं आपसे उस दिन का पूरा वीडियो देखने का अनुरोध करती हूँ। साजिशकर्ताओं ने आपकी मासूमियत का फायदा उठाया और देश को अस्थिर करने के लिए आपका इस्तेमाल किया।

सेंट मार्टिन द्वीप का इतिहास

सेंट मार्टिन द्वीप भारत और बांग्लादेश के पास बंगाल की खाड़ी में आठ वर्ग किलोमीटर में फैला एक द्वीप है। इस द्वीप को नारिकेल जिंजीरा (नारियल द्वीप) या दारुचिनी द्वीप (दालचीनी द्वीप) के नाम से भी जाना जाता है। सेंट मार्टिन द्वीप बांग्लादेश के अधिकार क्षेत्र में है, लेकिन यह म्यांमार तट से केवल आठ किलोमीटर दूर है। वहीं, राजधानी ढाका से इसकी दूरी 537 किलोमीटर है। सेंट मार्टिन द्वीप के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्से बंगाल की खाड़ी से घिरे हैं, जबकि उत्तरी तट बांग्लादेश की ओर है। यह द्वीप काक्स बाज़ार जिले के एक उपजिले टेकनाफ़ से लगभग नौ किलोमीटर दूर है। सेंट मार्टिन के पूर्व में म्यांमार का रखाइन राज्य स्थित है। यह वही प्रांत है, जहां के मुसलिमों की चरपंथी गुट अराकान आर्मी ने म्यामांर की सेना के खिलाफ हथियार उठा लिया था। इस द्वीप को लेकर म्यांमार और बांग्लादेश के बीच भी खींचतान चलती रहती है। म्यामांर आर्मी के जहाज और विमान कभी-कभी इस इलाके में घुस आते हैं।

कहा, मैंने इस्तीफा दे दिया, ताकि मुझ लाशों का जुलूस न देखना पड़े। वे छात्रों की लाशों पर सत्ता में आना चाहते थे, लेकिन मैंने ऐसा नहीं होने दिया। मैंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

द्वीप का रणनीतिक महत्त्व

हिंद महासागर एवं विश्व में चीन की बढ़ती गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका सेंट मार्टिन द्वीप पर नौसैनिक अड्डा स्थापित करना चाहता है। इसके लिए वह 1990 के दशक के अंतिम दौर से ही प्रयासरत है। हालांकि, इसमें वह सफल नहीं हो पा रहा है। अमेरिका का यहां सैन्य अड्डा चीन के साथ-साथ भारत के लिए खतरनाक होगा।

सड़क परियोजना का उद्घाटन, बोले जयशंकर

भारत के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में प्रमुख साझेदार है मालदीव

माले, 11 अगस्त (भाषा) ।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख साझेदार है तथा दोनों देश अपने सहयोग को आधुनिक साझेदारी में बदलने की आकांक्षा रखते हैं। जयशंकर ने अड्डू पुनर्ग्रहण और तट संरक्षण परियोजना का हस्तांतरण समारोह और एक्जिम बैंक की ऋण सहायता के तहत भारत सरकार की मदद से बनाई गई 4-लेन डेटोर लिंक सड़क परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भी मौजूद थे।

जयशंकर ने कहा कि मालदीव हमारे लिए हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार है। यह 'पड़ोसी प्रथम' की हमारी नीति के केंद्र में है। और इसलिए यह बहुत ही स्वाभाविक है कि हमारे दोनों देशों के बीच सहयोग पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ गया है तथा आज वास्तव में एक आधुनिक साझेदारी बनने की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि विकास के क्षेत्र में हमारे सहयोग का उद्देश्य लोगों के जीवन के सभी पहलुओं को छूना और उनके जीवन में इसके ठोस लाभ लाने के तरीके खोजना है। जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने मालदीव में लगभग 22 करोड़ अमेरिकी डालर का निवेश किया है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत मालदीव में क्षेत्रीय विकास को कितना महत्व देता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि आज हम अन्य देशों के अलावा सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक हैं। हम भारत से मालदीव में अधिक निवेश प्रवाह भी देख रहे हैं, खासकर पर्यटन क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि भारत ने मालदीव सरकार के साथ अड्डू पुनर्ग्रहण और तट संरक्षण परियोजना में साझेदारी की है, ताकि इसे एक क्षेत्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने का एक स्थायी तरीका ढूंढ़ा जा सके।

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ जयशंकर।

'भरोसा है कि जब भी 911 डायल करेंगे तो भारत सबसे पहले जवाब देगा'

माले, 11 अगस्त (भाषा) ।

मालदीव के मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू नीत सरकार द्वारा अपनी भारत नीति में 'अचानक किए गए बदलाव' का स्वागत किया और कहा कि माले इस बात को लेकर हमेशा आश्वस्त रहा है कि जब भी मालदीव 'अंतरराष्ट्रीय 911 डायल करेगा' तो सबसे पहले मदद करने वाला देश भारत होगा।

एमडीपी के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने शनिवार को यहां भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के बाद यह बात कही। एमडीपी अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी की मांग है कि मुइज्जू सरकार से अपने अधिकारियों के कृत्यों, झूठ और गैर-जिम्मेदाराना बयानों के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे जिनकी वजह से मालदीव को विदेश और आर्थिक मोर्चे पर खासा नुकसान हुआ है।

कमला हैरिस ने टिप पर कर को खत्म करने का किया वादा

लास वेगास, 11 अगस्त (एपी) ।

अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शनिवार को जनता से वादा किया कि वह रेस्तरां कर्मचारियों और अन्य सेवा कर्मचारियों को दिए जाने वाले टिप पर लागू करों को समाप्त करने की दिशा में काम करेंगी। हैरिस से पहले उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप भी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान ऐसा ही वादा जनता से कर चुके हैं।

दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार अपने चुनाव प्रचार में लगभग एक जैसी ही बात कर रहे हैं। हैरिस ने लास वेगास के नेवादा विश्वविद्यालय परिसर में एक रैली में यह घोषणा की। लास वेगास की अर्थव्यवस्था काफी हद तक होटल, रेस्तरां और मनोरंजन उद्योगों पर निर्भर है। ट्रंप ने भी जून में एक रैली में कमोबेश यही बात कही थी, लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस (संसद) के समर्थन के बिना न तो ये कदम ट्रंप उठा सकते हैं और न ही हैरिस। हैरिस ने अपने संबोधन में कहा कि सभी से मेरा वादा है कि जब मैं राष्ट्रपति बनूंगी तो हम अमेरिका के कामकाजी परिवारों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

इसमें न्यूनतम वेतन बढ़ाना और सेवा तथा आतिथ्य कर्मचारियों को दिए जाने वाले टिप पर करों को खत्म करना शामिल है। हैरिस के भाषण के कुछ देर बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की।

विलाप आवामी लीग के शासनकाल के दौरान गायब हुए लोगों के रिश्तेदार रविवार को ढाका में न्याय की मांग करते हुए।

विदेश सचिव मिस्री नेपाल के शीर्ष नेतृत्व से मिले

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

काठमांडो, 11 अगस्त (भाषा) ।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को नेपाल के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की। नेपाल के विदेश सचिव सेवा लामसाल के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए मिस्री ने काठमांडो में राष्ट्रपति कार्यालय शीतलनिवास में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से शिष्टाचार भेंट की।

नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भारतीय नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सभी क्षेत्रों में भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मिस्री ने सिंहदरबार स्थित प्रधानमंत्री के.पी शर्मा ओली के कार्यालय में उनसे भी मुलाकात की। भारतीय दूतावास ने अन्य पोस्ट में कहा कि विदेश सचिव ने भारत और नेपाल के सभ्यतागत, घनिष्ठ और बहुआयामी संबंधों पर जोर दिया और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की। इस अवसर पर विदेश सचिव सेवा लामसल भी उपस्थित रहीं।

इससे पहले दिन में, मिस्री और नेपाल के शहरी विकास मंत्रालय में सचिव मणिराम गेलल ने रविवार को संयुक्त रूप से नेपाल भाषा परिषद के नए भवन का उद्घाटन किया जिसका निर्माण भारत की ओर से भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए दी गई अनुदान राशि से किया गया है।

भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री और नेपाल के शहरी विकास मंत्रालय के सचिव मणिराम गेलल ने संयुक्त रूप से काठमांडो में नेपाल भाषा परिषद के नए भवन का उद्घाटन किया।

नेपाल के प्रधानमंत्री खड्ग प्रसाद शर्मा ओली से मुलाकात करते विदेश सचिव विक्रम मिस्री।

घुसपैठ की कोशिश में 11 बांग्लादेशी नागरिकों को बीएसएफ ने पकड़ा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते भारत में घुसपैठ करने का प्रयास करते समय 11 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी। एक प्रवक्ता ने कहा कि उनसे पूछताछ की जा रही है और विस्तृत कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य की पुलिस को सौंपा जाएगा।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ आपसी मुद्दों, विशेषकर भारतीय नागरिकों और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर अत्याचार की रोकथाम के लिए अपने समकक्ष बीजीबी के साथ नियमित संपर्क में है। बीएसएफ के कोलकाता मुख्यालय वाले दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने एक बयान में कहा कि उसकी पूर्वी कमान के प्रमुख, अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी ने शनिवार को एक सम्मेलन की अध्यक्षता की, जिसमें 'बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के बीच' और 15 अगस्त को आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा की गई।

बीएसएफ ने कहा कि भारत में घुसपैठ करते समय 11 बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा पर हिरासत में लिया गया है। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा सीमा से दो-दो, जबकि मेघालय सीमा से सात को पकड़ा गया उन्होंने बताया कि उनसे पूछताछ की जा रही है और विस्तृत कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य की पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

लोकार्नो फिल्मोत्सव में मिला पुरस्कार | सिनेमा | पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय कलाकार बने

गर्मजोशी से मेरा स्वागत करने के लिए शुक्रिया : शाहरुख

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त ।

सुपरस्टार शाहरुख खान को सिनेमा में उनके योगदान के लिए स्विट्जरलैंड में आयोजित 77वें लोकार्नो फिल्म महोत्सव में 'पार्डो अला कैरियरा अवार्ड-लोकार्नो टूरिज्म' या 'करिअर लेपर्ड' से सम्मानित किया गया।

शाहरुख (58) यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय कलाकार हैं। उन्हें शनिवार शाम समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में पिज्जा ग्रांडे स्क्वायर पर करीब आठ हजार लोग थे। पुरस्कार ग्रहण करते समय अपने भाषण में शाहरुख ने दर्शकों और लोकार्नो फिल्म महोत्सव के कला निदेशक गिओना ए नाजारो को उनके गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस बेहद सुंदर, सांस्कृतिक, कलात्मक शहर लोकार्नो में बाएं फैलाकर मेरा स्वागत करने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि। ये बाहें उन बाहों ये बड़ी हैं जो स्क्रीन में मेरी होती हैं। इतने सारे लोग एक छोटे से चौराहे पर जमा हैं और इतनी गर्मी है ऐसा लग रहा है जैसे भारत में हों। मुझे यहां बुलाने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। पिछली दो शामें बहुत शानदार रहीं।

उन्होंने कहा कि वे अद्भुत रहे, भोजन अच्छा है, मेरी इतालवी भाषा सुधर रही है और साथ ही मेरी पाक कला भी। मैं पास्ता और पिज्जा बना सकता हूं और मैं यहां लोकार्नो में इतालवी भाषा भी सीख रहा हूं। उन्होंने कहा कि सिनेमा हमारे दौर का सबसे सबसे गहरा और प्रभावशाली कलात्मक माध्यम है। शाहरुख ने कहा कि फिल्म समारोह में 'पार्डो अला कैरियरा अवार्ड-लोकार्नो टूरिज्म' से सम्मानित होने के बाद वह प्रोत्साहित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं आमतौर पर ऐसे अवसरों पर नहीं जाता, मुझे नहीं पता कि लोगों से कैसे संपर्क बनाया जाता है या उनसे कैसे बात की जाती है। मुझे तो बस थोड़ी अदायगी आती है। लेकिन मैं आज रात यहां हूं और लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल के 77वें संस्करण से मैं बेहद प्रोत्साहित महसूस कर रहा हूं। मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। यह पुरस्कार सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उन एक या दो कलाकार को प्रदान किया जाता है जिनके कलात्मक योगदान ने सिनेमा को नयी परिभाषा दी है। उनकी उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए फिल्मोत्सव में उनकी 2002 की हिट फिल्म 'देवदास' दिखाई गई।

कहा, इस बेहद सुंदर, सांस्कृतिक, कलात्मक शहर लोकार्नो में बाएं फैलाकर मेरा स्वागत करने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि। ये बाहें उन बाहों ये बड़ी हैं जो स्क्रीन में मेरी होती हैं। इतने सारे लोग एक छोटे से चौराहे पर जमा हैं और इतनी गर्मी है ऐसा लग रहा है जैसे भारत में हों। मुझे यहां बुलाने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। पिछली दो शामें बहुत शानदार रहीं।

गुना में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट घायल

गुना (मप्र), 11 अगस्त (भाषा)।

मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक हवाई पट्टी पर एक निजी विमानन अकादमी का एक प्रशिक्षण विमान रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे दो पायलट घायल हो गए।

गुना कैंट पुलिस थाने के प्रभारी दिलीप राजोरिया ने बताया कि दो सीट वाला सेसना 152 विमान दोपहर करीब डेढ़ बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऐसी आशंका है कि इंजन में खराबी के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना से पहले उसने करीब 40 मिनट तक उड़ान भरी थी।

उन्होंने बताया कि विमान में सवार दो पायलट को चोटें आई हैं, लेकिन वे खतरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पायलट को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

www.readwhere.com

MAYUR UNIQUOTERS LIMITED

CIN: L18101RJ1992PLC006952
Registered Office: Village Jaitpur, Jaipur-Sikar Road Place, Jaipur, Rajasthan 303 704 I Tel: 01423-224001
Corporate Office: 28, 4th Floor, Lakshmi Complex, M.I. Road, Jaipur - 302001, Rajasthan I **Tel. No.**: 0141-2361132
Website: www.mayuruniquoters.com , Email: secr@mayur.biz,
Contact Person: Mr. Pawan Kumar Kumawat, Company Secretary & Compliance Officer

PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS/BENEFICIAL OWNERS OF FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF MAYUR UNIQUOTERS LIMITED FOR THE BUY-BACK OF FULLY PAID-UP EQUITY SHARES THROUGH TENDER OFFER UNDER THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (BUY-BACK OF SECURITIES) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED.

This Public Announcement (the "**Public Announcement**") is being made pursuant to the provisions of Regulation 7(i) of the Securities and Exchange Board of India (Buy-Back of Securities) Regulations, 2018, as amended (the "**Buy-back Regulations**") for the time being in force including any statutory modifications and amendments from time to time and contains the disclosures as specified in Schedule II of the Buy-back Regulations.

Date of commencement of Tendering Period	*Monday, May 27, 2024*	**TUESDAY, AUGUST 13, 2024**
Date of closing of Tendering Period	*Friday, June 07, 2024*	**TUESDAY, AUGUST 27, 2024**
Last date of communicating the rejection/ acceptance and completion of payment of consideration or refund of Equity Shares to the Public Shareholders@	*Monday, June 24, 2024*	**TUESDAY, SEPTEMBER 10, 2024@**

Note:
~The date of being in receipt of SEBI Observation Letter.
@This action may be completed prior to their corresponding dates subject to compliance with the SEBI (SAST) Regulations.
#There has been no competing offer.
**Identified Date is only for the purpose of determining the names of the Public Shareholders to whom the Letter of Offer would be sent. All the public shareholders (registered or unregistered) of the Equity Shares (except the Acquirer and the promoters) are eligible to participate in this Offer any time before the closure of this Offer.*

H. Documents for Inspection

The documents specified under Paragraph 10 titled as 'Documents for Inspection' on page 46 of the Letter of Offer will be available for inspection at the principal place of business of the Manager to the Offer, Swaraj Shares and Securities Private Limited, located at Unit No 304, A Wing, 215 Atrium, Courtyard Marriot, Andheri East, Mumbai- 400093, Maharashtra, India on any working day between 10:00 a.m. (Indian Standard Time) and 5:00 p.m. (Indian Standard Time) during the Tendering Period commencing from Tuesday, August 13, 2024 to Tuesday, August 27, 2024. Further, in light of SEBI Circular SEBI/HO/CFD/DCR2/CIR/P/2020/139 dated July 27, 2020, read with SEBI Circular SEBI/CIR/CFD/DCR1/CIR/P/2020/83 dated May 14, 2020, copies of the following documents will be available for inspection to the Public Shareholders electronically during the Tendering Period. The Public Shareholders interested to inspect any of the following documents can send an email from their registered email-ids (including shareholding details and authority letter in the event the Public Shareholder is a corporate body) with a subject line ["Documents for Inspection - SUERYAAKNI Open Offer"], to the Manager to the Open Offer at takeover@swarajshares.com; and upon receipt and processing of the received request, access can be provided to the respective Public Shareholders for electronic inspection of documents.

The Acquirer accepts full responsibility for the information contained in this Pre-Offer Advertisement (other than such information as has been obtained from public sources or provided by or relating to and confirmed by the Target Company) and undertakes that he is aware of and will comply with his obligations under the SEBI (SAST) Regulations in respect of this Offer. The Acquirer will be responsible for ensuring compliance with the SEBI (SAST) Regulations.

This Pre-Offer Advertisement will also be accessible on the websites of SEBI at www.sebi.gov.in, the Target Company at www.sueryaaknitwear.com, the Registrar to the Offer at www.skylinerta.com, the Manager to the Offer at www.swarajshares.com, and BSE Limited at www.bseindia.com.

Issued by the Manager to the Offer on behalf of the Acquirer

SWARAJ

Swaraj Shares and Securities Private Limited
Unit No 304, A Wing, 215 Atrium, Near Courtyard Marriot, Andheri East, Mumbai - 400093, Maharashtra, India
Telephone Number: +91-22-69649999
Email Address: takeover@swarajshares.com
Investors Grievance Email Address: investor.relations@swarajshares.com
Website: www.swarajshares.com
Contact Person: Mr. Tanmoy Banerjee/Ms. Pankita Patel
SEBI Registration Number: INM00012980
Validity: Permanent
Date: Saturday, August 10, 2024
Place: Mumbai

On behalf of the Acquirer
Mr. Shailesh Miyanbazaz
Sd/-

आर प्रज्ञानानंद को टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

सेंट लुई, 11 अगस्त (भाषा)।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद यहां शुरू हो रहे सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से भिड़ेंगे।

हाल के टूर्नामेंट में प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट के बावजूद प्रज्ञानानंद ग्रैंड शतरंज टूर की अंतिम तालिका में पोडियम पर जगह बनाना चाहेंगे। इससे उन्हें बोनस नकद पुरस्कार राशि भी मिलेगी। अब तक के समग्र टूर परिणामों में तीसरे स्थान पर चल रहे प्रज्ञानानंद के पास अपनी स्थिति सुधारने के लिए लगातार दो टूर्नामेंट हैं।

वह रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सिंकफील्ड कप में हिस्सा लेंगे जहां उनके साथ हमवतन और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश भी चुनौती पेश करेंगे। रोमानिया के बुखारेस्ट और क्रोएशिया के जाग्रेब में दो लगातार जीत के साथ पिछले साल के टूर विजेता अमेरिका के फैबियानो करुआना 22.25 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा 17.58 अंक के साथ दूसरे,

शतरंज

जबकि प्रज्ञानानंद 16.25 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं। गुकेश भी उनसे बहुत पीछे नहीं हैं। वह 14.25 अंक जुटाकर चौथे स्थान पर हैं लेकिन उनके लिए समस्या यह है कि उनके पास केवल एक ही प्रतियोगिता बची है जबकि शीर्ष तीन खिलाड़ी सभी चार प्रतियोगिताओं में खेलेंगे।

यहां रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रूस के इयान नेपोमनियाची, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और अमेरिका के वेस्ली सो जैसे खिलाड़ी एक बार फिर नजर आएंगे। अन्य तीन प्रतिभागी वाइल्ड कार्ड धारक हैं, जिनमें लेवोन अरोनियन, हिकारू नाकामुरा और लेनियर डोमिन्गुएज की अमेरिकी तिकड़ी शामिल है।

कांगो के धावक मुलांबा डोपिंग जांच में दोषी पाए गए

पेरिस, 11 अगस्त (एपी)।

पेरिस ओलंपिक के उद्‌घाटन समारोह के लिए कांगो के ध्वजवाहकों में से एक फर्राटा धावक डोमिनिक लास्कोनी मुलांबा को एनाबालिक स्टेरायड के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है।

अंतरराष्ट्रीय जांच एजंसी (आइटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। आइटीए ने कहा कि 100 मीटर फर्राटा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करने वाले मुलांबा ने जो नमूना दिया था उसकी जांच में प्रतिबंधित पदार्थ 'स्टैनोजोलोल मेटाबोलाइट' की पुष्टि हुई है। इस 22 साल के एथलीट को फिलहाल निलंबित कर दिया गया है और वह रविवार को समापन समारोह में भाग नहीं ले पाएगा। पेरिस ओलंपिक में डोपिंग का यह चौथा मामला है।

ओलंपिक चैंपियन इमाने खेलीफ ने उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

पेरिस, 11 अगस्त (एपी)।

ओलंपिक मुक्केबाज चैंपियन इमाने खेलीफ ने पेरिस ओलंपिक के दौरान अपनी लिंग जांच के झूठे दावों के साथ आनलाइन उत्पीड़न के खिलाफ फ्रांस में कानूनी शिकायत दर्ज की है। उनके अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

खेलीफ शुक्रवार को महिला वेल्टरवेट वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने देश अल्जीरिया के लिए बड़ी हस्ती बन गई। अधिवक्ता नबील बौदी ने कहा कि आनलाइन नफरत फैलाने वाले पोस्ट और भाषण से निपटने के लिए पेरिस अभियोजक के कार्यालय में शुक्रवार को शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें खेलीफ को निशाना बनाकर 'गंभीर साइबर उत्पीड़न' का आरोप लगाया गया था। उन्होंने इसे खेलीफ के खिलाफ 'महिला द्वेषपूर्ण, नस्लवादी और लिंगवादी अभियान' बताया। अब यह अभियोजकों पर निर्भर है कि वे जांच शुरू करें या नहीं।

टी20 में आस्ट्रेलिया ने भारत को सात विकेट से दी शिकस्त

ब्रिसबेन, 11 अगस्त (भाषा)।

ताहिला मैकग्रा की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत आस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में भारत 'ए' को सात विकेट से हरा कर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। आस्ट्रेलिया ने पहले दो मैच क्रमशः पांच रन और आठ विकेट से जीते थे।

भारत के 121 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया ने ताहिला की 22 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों से नाबाद 51 रन की पारी के बदौलत सिर्फ 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर जीत दर्ज की। ताहिला ने तेज गेंदबाज शबनम शकील की गेंदों पर लगातार तीन चौके लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। ताहिला ने चार्ली नाट (19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन भी जोड़े।

उज्बेकिस्तान के मुख्य कोच को पड़ा दिल का दौरा

ब्रिटेन के अभ्यास स्टाफ ने बचाया

पेरिस, 11 अगस्त (एपी)।

उज्बेकिस्तान के मुख्य मुक्केबाजी कोच तुलकिन किलिचेव को पेरिस ओलंपिक में अपनी टीम के पहले स्वर्ण पदक का जश्न मनाने के बाद ब्रिटेन के अभ्यास स्टाफ के दो सदस्यों ने दिल का दौरा पड़ने से बचाया।

उज्बेकिस्तान की टीम ने पेरिस खेलों में पांच स्वर्ण पदक जीते जो 20 वर्षों में किसी भी ओलंपिक टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस तरह किलिचेव के मुक्केबाजों ने अपने कोच को जश्न मनाने का मौका दिया जो पेरिस के एक अस्पताल में भर्ती हैं। बखोदिर जलोलोव ने अपना दूसरा सुपर हैवीवेट स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, 'किलिचेव एक कोच या पिता से कहीं अधिक हैं।' उन्होंने कहा, 'उन्होंने हमें पाला है। उन्होंने हमें शिक्षित किया है। उन्होंने हम तक खेल भावना पहुंचाई है।'

फ्लाईवेट वर्ग में हसनबाय दुसमातोव के गुरुवार को उज्बेकिस्तान का पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद किलिचेव बीमार पड़ गए। ग्रेट ब्रिटेन मुक्केबाजी के अनुसार टीम के डाक्टर हरज सिंह और फिजियोथेरेपिस्ट राबी लिलीस ने किलिचेव को जानलेवा संकट में पाया। उन्होंने कोच को सीपीआर दिया और लिलीस ने डिफाइब्रिलेटर (हृदय गति सामान्य करने के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीन) का भी इस्तेमाल किया।

जलोलोव ने कहा, किलिचेव पिछले दो दिन से टीम के संपर्क में हैं और उनके मुक्केबाजों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। जलोलोव शनिवार रात पोडियम पर चढ़ने वाले उज्बेकिस्तान के पांच पेरिस ओलंपिक चैंपियन में से आखिरी थे।

सेबस्टियन आइओसी का अध्यक्ष बनने पर करेंगे विचार

पेरिस, 11 अगस्त (एपी)।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने रविवार को कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अध्यक्ष के रूप में थामस बाक की जगह लेने के लिए होने वाली दावेदारी पर गंभीरता से विचार करेंगे। ओलंपिक के इस पूर्व स्वर्ण पदक विजेता से जब रविवार को पूछा गया कि क्या वह आइओसी अध्यक्ष के रूप में थॉमस बाक की जगह लेने के लिए अपना नाम आगे बढ़ाएंगे तो उन्होंने कहा, 'बेशक, मैं इस पर विचार करुंगा।'

लंदन ओलंपिक 2012 के आयोजन की देखरेख करने वाले सेबेस्टियन को लंबे समय से बाक के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में देखा जा रहा है। बाक ने शनिवार को 2025 में पद छोड़ने की घोषणा कर सबको चौंका दिया था।

सेबेस्टियन हालांकि 67 साल के है और आईओसी अध्यक्ष के लिए संभावित चुनाव में यह उनके खिलाफ जा सकता है। सेबेस्टियन ने ओलंपिक में ट्रैक स्पर्धाओं के समापन पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैंने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि अगर मौका मिला तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।' उन्होंने कहा, 'अब मौका आ गया है और मुझे इसके बारे में गंभीरता से सोचने की जरूरत है।'

खबर कोना

बांग्लादेशी नागरिक रुड़की से पकड़ा गया

देहरादून, 11 अगस्त (संवाददाता)।

हरिद्वार जनपद के रुड़की में सेना के क्षेत्र के आसपास संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह चोरी छिपे पहचान बदलकर रुड़की में रह रहा था। गिरफ्तार किया गया रहीमुल बांग्लादेश का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात रुड़की सिविल लाइन कोतवाली स्थित ढंडेरा क्षेत्र में लोगों ने एक दुकान पर एक संदिग्ध व्यक्ति देखा। बोलचाल के आधार पर शक होने पर लोगों ने संदिग्ध के संबंध में पुलिस को सूचना दी।

कोलकाता में रविवार को एक केंद्र पर नीट-पीजी की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी।

एमआइ-17 केदारनाथ से वापस, क्षतिग्रस्त रास्तों को ठीक करने का काम तेज

देहरादून, 11 अगस्त (संवाददाता)।

केदारनाथ में बचाव अभियान पूरा होने के बाद वायुसेना के एमआइ17 हेलिकाप्टर को रविवार को वापस भेज दिया गया जबकि अतिवृष्टि और बादल फटने से क्षतिग्रस्त रास्तों को ठीक करने का काम युद्धस्तर पर जारी है। अधिकारियों ने यहां बताया कि केदारनाथ में स्वेच्छा से रुके 78 लोगों को एमआइ17 हेलिकाप्टर के जरिये सुबह गुप्तकाशी पहुंचाया गया जिनमें स्थानीय दुकानदार, साधु-संत, घोड़ा-खच्चर चालक आदि शामिल थे। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में नीचे लाने के लिए अब कोई व्यक्ति शेष नहीं है और बचाव अभियान के पूरा होने के साथ ही एमआई-17 हेलिकाप्टर को विदा कर दिया गया है। उनके मुताबिक, बचाव अभियान में मदद कर रहे वायु सेना के चिनूक हेलिकाप्टर को भारी मशीनों को पहुंचाने के लिए अभी रोका गया है। मौसम के ठीक होते ही केदारनाथ में बड़ी मशीनों को पहुंचाकर चिनूक को भी रवाना कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि केदारनाथ मार्ग पर 31 जुलाई को अतिवृष्टि और बादल फटने के कारण क्षतिग्रस्त रास्तों को ठीक करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

राजस्थान : भारी बारिश से मकान ढहा, पिता-पुत्र की मौत

जयपुर, 11 अगस्त (भाषा)।

राजस्थान के करौली जिले में रविवार तड़के भारी बारिश के कारण एक मकान ढह जाने से उसके मलबे में दबकर 40 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके बेटे की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शहर के डोलीखर मोहल्ले में उस समय हुई, जब परिवार के लोग अपने घर में सो रहे थे। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण मकान ढहने उसके मलबे में दबकर दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। करौली जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामकेश मीणा ने बताया कि घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

पंजाब : नदी में वाहन बहा; एक परिवार के नौ की मौत, दो लापता

चंडीगढ़/धर्मशाला, 11 अगस्त (ब्यूरो)।

पंजाब और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर हादसा।

भारी बरसात के बीच रविवार को पंजाब में जिला होशियारपुर से करीब 34 किलोमीटर दूर हिमाचल और पंजाब की सीमा पर जैजों में पानी से लबालब बरसाती नदी में एक एसयूवी वाहन के बह जाने से एक ही परिवार में नौ सदस्यों की मौत हो गई, जबकि एक को बचा लिया गया है और दो लापता हैं। एसयूवी वाहन में कुल 12 लोग सवार थे। पंजाब सहित अन्य इलाकों में रविवार को भारी बारिश के कारण यह नदी उफान पर है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिवार के दस सदस्य एक इनोवा एसयूवी वाहन चालक को साथ लेकर हिमाचल प्रदेश के मेहतपुर के समीप देहरा से एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पंजाब में नवांशहर के मेहरोवाल की दिशा में जा रहे थे।

दरअसल, पंजाब के होशियारपुर, जलंधर और नवांशहर सहित कई स्थानों पर रविवार को भारी बरसात हुई। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान सुरजीत, परमजीत कौर, स्वरूप चंद, बिंदर, शिन्नो, भावना, अंजू और हरमीत के रूप में की गई है और यह सभी देहला के निवासी थे। दुर्घटना के चश्मदीदों ने तत्काल एक जेसीबी मशीन की सहायता से मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। उन्होंने हालांकि, कार में फंसे एक व्यक्ति को किसी तरह बाहर निकाल लिया था, जबकि अन्य कार सवार पानी के तेज बहाव में कार के दरवाजे टूट जाने के कारण बाहर बहकर जान गंवा बैठे। बचाए गए व्यक्ति को उपचार के लिए जैजों के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराने लेकर जाया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने एनडीआरएफ के दल को बुलाकर मौके पर बचाव अभियान शुरू कराया। हादसे में लापता लोगों की तलाश जारी है।

होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरिंदर लांबा ने बताया कि जान गंवाने वाले सभी लोग एक ही परिवार के हैं जो एक शादी में शामिल होने के लिए पंजाब आ रहे थे। तेज बारिश के कारण पानी सड़क पर आ गया था जिसके तेज बहाव में पीड़ितों का वाहन बहाव के साथ बह गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार से निकाले गए दीपक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों लापता लोगों की तलाश शिद्दत से की जा रही है।

निर्भया फंड से चल रही योजनाएं नहीं रुकेंगी, तेजी से होगा न्याय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

निर्भया **योजना के तहत केंद्र सरकार ने बलात्कार और सामूहिक बलात्कार की घटनाओं से जुड़े मामलों के तेजी से निपटारे के लिए एक विशेष योजना लागू की थी।**

महिला सुरक्षा के लिए बनी रही निर्भया फंड से संचालित योजनाएं आगे भी जारी रहेंगी। इन योजनाओं को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार आबंटित धनराशि और इन योजनाओं को पूर्ण करने का समय बढ़ा दिया है। हाल ही में संसद सत्र के दौरान एक रपट में केंद्र सरकार ने यह जानकारी है। निर्भया फंड की मदद से केंद्र सरकार देशभर में महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू कर रही है ताकि सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में महिला सुरक्षा का बेहतर बंदोबस्त किया जा सके।

निर्भया योजना के तहत केंद्र सरकार ने बलात्कार और सामूहिक बलात्कार की घटनाओं से जुड़े मामलों के तेजी से निपटारे के लिए एक विशेष योजना लागू की थी। इसके तहत मई 2024 तक देश भर के तीस राज्यों में 410 विशेष पाक्सो न्यायालयों समेत कुल 755 त्वरित निपटान न्यायालय (एफटीएससी) काम कर रहे हैं। इनकी मदद से कुल 253000 मामलों को निपटाया गया है। यह योजना में सरकार ने दांडिक विधि (विधेयक) अधिनियम 2018 के तहत अक्तूबर 2019 में की गई थी। इस योजना के लिए निर्भया फंड से मिलने वाले केंद्रीय हिस्से 1207.24 करोड़ के साथ 1952.23 करोड़ किया गया है। अब यह योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। इस मद में वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रतिवर्ष एफटीएससी की अनुशंसित कुल लागत 82.31 लाख रुपए है। दावा है कि योजना के विस्तार से महिला सुरक्षा और यौन समेत अन्य हिंसा के मामलों में तेजी से मुकाबला करने में मदद मिलेगी। इसी रपट में केंद्र सरकार ने बच्चों से संबंधित मामलों के लिए गठित अदालतों की जानकारी भी दी है। बताया गया है कि देश भर में ऐसे मामलों के निपटारे के लिए कुल 755 अदालत काम कर रही हैं, जबकि ऐसी विशेष अदालतों की संख्या 410 है।

केंद्र सरकार ने महिला सक्तिकरण के लिए नारी अदालत की कार्य योजना शुरू की है। इसके तहत जल्द ही असम और जम्मू कश्मीर में एक पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत होगी। यह पहल सबल योजना के तहत होगी। यह ग्राम पंचायत स्तर की योजना है। इसमें महिलाओं के कानूनी अधिकारों और हकों के बारे में उन्हें जागरूक किया जाएगा। इस अदालत में छोटी प्रकृति के मामले जैसे उत्पीड़न, विध्वंस, अधिकार या हकों में कटौती जैसे मामलों की सुनवाई होगी। केंद्र सरकार मिशन शक्ति के तहत संबल और सामर्थ्य योजनाएं तैयार की है।

कोचीन हवाईअड्डे पर बम होने की बात कहने पर यात्री गिरफ्तार

कोच्चि, 11 अगस्त (भाषा)।

सीआइएएल **ने कहा कि बीडीडीएस द्वारा जांच पूरी करने के बाद वहां कोई भी गड़बड़ी या खतरा नहीं पाया गया, जिसके बाद कुमार को मामले में आगे के जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।**

केरल के कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान बम संबंधी टिप्पणी करने के आरोप में मुंबई जाने वाले एक यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड (सीआइएएल) ने रविवार को कहा कि मनोज कुमार (42) ने सामान की जांच करने वाले काउंटर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के अधिकारी से 'डरा देने वाली' टिप्पणी की थी। मनोज कुमार रविवार सुबह एअर इंडिया की फ्लाइट से कोचीन से मुंबई जाने वाला था। सीआइएएल ने एक बयान में कहा, 'विमान में चढ़ने से पहले सुरक्षा जांच के दौरान कुमार ने सीआइएसएफ अधिकारी से पूछा, 'क्या मेरे बैग में कोई बम है?' यात्री की इस बात से वहां लोगों में तुरंत चिंता व्याप्त हो गई जिसके बाद हवाईअड्डा सुरक्षा दल ने त्वरित कार्रवाई की।' हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि बम खोज एवं निरोधक दस्ते ने यात्री केबिन और सामान की पुनः जांच की। सीआइएएल ने कहा कि बीडीडीएस द्वारा जांच पूरी करने के बाद वहां कोई भी गड़बड़ी या खतरा नहीं पाया गया, जिसके बाद कुमार को आगे के जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

बीटीएसी ने कहा कि बम की सूचना विश्वसनीय नहीं थी, लेकिन फिर भी हमने सुरक्षा के लिए स्थिति की जांच की। सीआइएएल ने बताया कि बीटीएसी ने अपनी कार्रवाई पूरी कर ली, जिससे विमान समय पर रवाना हो गया।

रैली

पुणे में रविवार को मराठा आरक्षण समर्थक रैली के दौरान उमड़ी भीड़।

उद्धव ने भगवा विचारधारा छोड़ दी, जनता उन्हें माफ नहीं करेगी : भाजपा

मुंबई, 11 अगस्त (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को शिवेसना (उद्धव) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि उन्होंने 'भगवा' विचारधारा छोड़ दी है और छत्रपति शिवाजी महाराज की 'विरासत से खुद को दूर' कर लिया है। उन्होंने कहा कि जनता उद्धव ठाकरे को माफ नहीं करेगी।

इससे एक दिन पहले, ठाणे में शिवसेना(उद्धव) कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दिल्ली के आगे झुक गए हैं। उन्होंने कहा था कि आगामी विधानसभा चुनाव उन लोगों के खिलाफ लड़ाई है, जो राज्य से नफरत करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता ही उनके 'वाघ-नख' हैं। उन्होंने 'वाघ-नख' का जिक्र ऐतिहासिक लड़ाइयों में छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियार के एक प्रतीकात्मक संदर्भ में किया। जब केंद्रीय गृह मंत्री ने ठाकरे पर औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख होने का आरोप लगाया था, तो इसके जवाब में पिछले महीने ठाकरे ने अमित शाह को 'अहमद शाह अब्दाली' करार दिया था। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बावनकुले ने कहा कि औरंगजेब फैन क्लब के नेता उद्धव ठाकरे ने ठाणे जाकर भाजपा को राम मुक्त बनाने के बारे में खूब शोर मचाया, लेकिन यह आपके लिए इस जीवनकाल में संभव नहीं होगा। उन्होंने ठाकरे के आवास के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन का जिक्र किया, जहां मुसलिम समुदाय के सदस्यों ने लोकसभा चुनावों में उनकी पार्टी को वोट देने के बाद वक्फ बोर्ड के प्रति उनके समर्थन की कमी पर सवाल उठाया था।

'उद्धव के काफिले पर हमला मनसे कार्यकर्ताओं की नाराजगी का परिणाम'

मुंबई, 11 अगस्त (भाषा)।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे के काफिले पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले को रविवार को कार्यकर्ताओं की नाराजगी का परिणाम करार दिया। राज ठाकरे ने कहा कि कुछ लोगों ने उनके काफिले पर सुपारियां फेंकी थीं, जिसकी शिवसेना (उद्धव) ने निंदा नहीं की, जिससे कुंठा में मनसे कार्यकर्ताओं ने उद्धव के काफिले को निशाना बनाया।

मनसे के कुछ कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम को ठाणे में शिवसेना (उद्धव) के नेता उद्धव ठाकरे के काफिले पर टमाटर और गोबर फेंका था। दरअसल एक दिन पहले ही बीड जिले में कुछ लोगों ने राज ठाकरे के काफिले पर सुपारियां फेंकी थीं। अधिकारियों ने उद्धव के काफिले पर हमला करने के संबंध में मनसे के 40 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने बाद में मनसे के 54 कार्यकर्ताओं के खिलाफ नामजद दो प्राथमिकी दर्ज कीं।

राज ठाकरे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि बीड में शिवसेना-यूबीटी के जिला प्रमुख द्वारा घटना की निंदा नहीं किये जाने के कारण मनसे कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त की।

उपचुनाव में सभी सीट पर प्रत्याशी उतारेगी बसपा : मायावती

लखनऊ, 11 अगस्त (भाषा)।

बसपा की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को एलान किया कि निकट भविष्य में राज्य की 10 रिक्त विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में उनकी पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी और पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी।

मायावती ने लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की एक समीक्षा बैठक में उपचुनाव लड़ने की घोषणा की। अमूमन उपचुनावों से दूर रहने वाली बसपा ने इस उपचुनाव को पूरे दमखम से लड़ने का फैसला किया है। मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में रिक्त हुई 10 विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनावों के लिए अभी चुनाव की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इसे लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ रही है। खासकर सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी सरकार द्वारा इसे (उपचुनाव) प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेने के कारण इन उपचुनावों में लोगों की रुचि काफी बढ़ी है। बसपा ने भी इन उपचुनावों में सभी सीट पर उम्मीदवार उतारने और पूरे दम से लड़ने का फैसला किया है।

बसपा प्रमुख ने इस बयान की प्रति अपने आधिकारिक एक्स खाते पर भी साझा की है। उन्होंने आग्रह किया कि चूंकि बसपा गरीबों, वंचितों और पीड़ितों की पार्टी है तथा दूसरे दलों की तरह यह बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के सहारे और इशारे पर नहीं चलती है, इसलिए इसके समर्थक पूरे तन-मन-धन से सहयोग कर पार्टी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएं। राज्य में 2022 के विधानसभा चुनाव में कुल 403 सीटों में मात्र एक सीट और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह सफाया होने के बाद बसपा की उम्मीदें उपचुनावों पर टिकी हैं।

महिलाओं, बच्चों के पोषण, सुरक्षा से संबंधित योजनाओं पर ध्यान दें राज्य : केंद्र

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

अन्नपूर्णा **देवी ने बैठक के दौरान मंत्रालय की योजनाओं को बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों और रणनीतिक योजना के महत्त्व पर जोर दिया।**

महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा और उनके पोषण से संबंधित मंत्रालय के तीन अभियानों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

उन्होंने शनिवार को विभिन्न राज्यों के महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभागों के मंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों व उपराज्यपालों के साथ बैठक के दौरान यह अपील की। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए सभी प्रमुख योजनाओं को मिशन पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के तहत वर्गीकृत किया गया है। अन्नपूर्णा देवी ने बैठक के दौरान मंत्रालय की योजनाओं को बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों और रणनीतिक योजना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को तीनों कार्यक्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देवी ने इन मामलों पर राज्यों से नियमित रपट मांगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे प्रयासों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे। राज्यों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है, जिससे न केवल अलग-अलग राज्यों के विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि हमारे देश की समग्र प्रगति को भी गति मिलेगी। यह प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप होगा।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक में वर्तमान परियोजनाओं, विकासात्मक उपलब्धियों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। इनका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की बेहतर प्रगति सुनिश्चित करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 'आंगनवाड़ियों' को 'सक्षम आंगनवाड़ियों' में उन्नत करना चाहिए।

अस्तित्व में आने के 15 साल बाद भी संकट बरकरार | चिंताजनक | कानून मंत्रालय ने दी मानसून सत्र में संसद को दी जानकारी

खाली पद और वित्तीय संकट से जूझ रहे ग्राम न्यायालय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

कानून मंत्रालय **ने संसद में 'कुछ अध्ययनों' का हवाला देते हुए कहा कि इन ग्राम न्यायालयों की स्थापना में धीमी प्रगति के मुख्य कारणों में कई राज्यों में 'न्यायाधिकारियों' के पदों को न भरना, सरकारी अभियोजकों, नोटरी की अनुपलब्धता और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की कमी शामिल है।**

किफायती और त्वरित न्याय सुलभ कराने की परिकल्पना के साथ शुरू किए गए 'ग्राम न्यायालय' आज मानव संसाधन की कमी और वित्तीय संकट के कारण अपने उद्देश्य को पूरा करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। कानून मंत्रालय ने हाल में संपन्न मानसून सत्र में संसद को बताया कि अब तक 15 राज्यों द्वारा 481 ग्राम न्यायालय अधिसूचित किए गए हैं, जिनमें से 10 राज्यों में 309 शुरू हो चुके हैं।

विधि आयोग ने 1986 में नागरिकों को उनके द्वार पर ही किफायती और त्वरित न्याय सुलभ कराने के लिए ग्राम न्यायालयों की स्थापना का सुझाव दिया था। इसके वर्षों बाद, दो अक्तूबर 2009 में गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 लागू हुआ। अधिनियम में जमीनी स्तर पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सामाजिक, आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी व्यक्ति न्याय पाने के अवसरों से वंचित न रह जाए। कानून मंत्रालय ने संसद में 'कुछ अध्ययनों' का हवाला देते हुए कहा कि इन ग्राम न्यायालयों की स्थापना में धीमी प्रगति के मुख्य कारणों में कई राज्यों में 'न्यायाधिकारियों' के पदों को न भरना, सरकारी अभियोजकों, नोटरी की अनुपलब्धता और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की कमी शामिल है।

सरकार ने कहा कि ग्राम न्यायालयों की वर्तमान स्थिति के लिए ग्राम न्यायालयों का सीमित आर्थिक अधिकार क्षेत्र, अपर्याप्त कर्मचारी, राज्यों से अपर्याप्त वित्तीय सहायता, राज्य प्राधिकारियों की अनिच्छा और सामुदायिक जागरूकता की कमी अन्य कारण हैं। कई राज्यों में पंचायत स्तर पर काम करने वाली ग्राम न्यायालयों की अपनी समानांतर प्रणालियां हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार, केंद्र एकमुश्त उपाय के रूप में गैर-आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए हर ग्राम न्यायालय को 18 लाख रुपए प्रदान करता है और इन न्यायालयों के आवर्ती व्यय का 50 फीसद वहन करता है, जो पहले तीन वर्षों के दौरान प्रति न्यायालय प्रति वर्ष 3.20 लाख रुपए की सीमा के अधीन है।

उपराज्यपाल माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे, नई यज्ञशाला का उद्घाटन

जम्मू, 11 अगस्त (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मुख्य भवन में एक नई 'यज्ञशाला' का उद्घाटन भी किया।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान जम्मू-कश्मीर की शांति, समृद्धि और प्रगति की प्रार्थना की। यज्ञशाला भवन का निर्माण धार्मिक रीति-रिवाजों को बढ़ाने के लिए किया गया है।

नवनिर्मित यज्ञशाला मुख्य भवन के अटका क्षेत्र के नीचे पुराने स्नान घाट के पास स्थित है जिसमें 1600 वर्ग फुट में फैले पांच हवन कुंड हैं।

www.readwhere.com

खबर कोना

पदक तालिका

देश	सोना	चांदी	कांस्य	कुल
अमेरिका	40	44	42	126
चीन	40	27	24	91
जापान	20	12	13	45
आस्ट्रेलिया	18	19	16	53
फ्रांस	16	26	22	64
नीदरलैंड	15	7	12	34
ग्रेट ब्रिटेन	14	22	29	65
द कोरिया	13	9	10	32
जर्मनी	12	13	8	33
इटली	12	13	15	40
कनाडा	9	7	11	27
भारत	0	1	5	6

पेरिस के ला डिफेंस एरेना में कांस्य पदक मुकाबले में हंगरी के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्स इरविंग एक्शन में।

'ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी का पड़ेगा सकारात्मक असर'

दुबई, 11 अगस्त (भाषा)।

विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि चार साल बाद आयोजित होने वाले लास एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी इस खेल के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात होगी। क्रिकेट की 128 वर्षों के ओलंपिक में वापसी हो रही है। इससे पहले क्रिकेट को एकमात्र बार 1900 ओलंपिक में दो टीमों ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच खेला गया था। इसका स्वर्ण पदक ब्रिटेन की टीम ने जीता था। पोंटिंग ने 'आइसीसी रिव्यू' के हवाले से कहा कि यह हमारे खेल के लिए केवल एक सकारात्मक बात हो सकती है। मैं पिछले 15 या 20 वर्षों में विभिन्न समितियों का हिस्सा रहा हूं।

चीन ने ओलंपिक में तीन सौवां स्वर्ण पदक जीता

पेरिस, 11 अगस्त (एपी)।

चीन ने टेबल टेनिस की महिला टीम स्पर्धा का खिताब जीतकर ओलंपिक इतिहास में देश का 300वां स्वर्ण पदक जीता। चीन ने महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में जापान को 3-0 से हरा कर लगातार पांचवां स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले शुक्रवार को पुरुष टीम ने यह उपलब्धि हासिल की थी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सुन यिंगशा ने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी ने मेहनत की। दक्षिण कोरिया ने जर्मनी पर 3-0 की जीत के साथ कांस्य पदक जीता, जो 2008 में बेजिंग खेलों के बाद टीम स्पर्धा में उसका पहला पदक है। टेबल टेनिस में चीन प्रमुख शक्ति है, जिसने पेरिस में पांचों ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते।

भारत का छह पदक के साथ ओलंपिक में अभियान समाप्त

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का अभियान छह पदक (एक चांदी और पांच कांस्य) के साथ समाप्त हुआ। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में एक सोना, दो चांदी और चार कांस्य समेत सात पदक जीते थे। तब भारत पदक तालिका में 48वें पायदान पर था।

लेकिन इस बार भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक में 71वें पायदान पर खिसक गई है। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, घुड़सवारी, गोल्फ, हाकी, जूडो, तैराकी, सेलिंग, निशानेबाजी, कुश्ती, टेबल टेनिस और टेनिस में भारतीय एथलीटों भाग लिया।

नीरज चोपड़ा को लगातार दूसरा ओलंपिक पदक : नीरज चोपड़ा ने पेरिस में 89.45 मीटर भाला फेंका, जहां वे दूसरे पायदान पर रहे और भारत को चांदी के रूप में पांचवां पदक दिलाया। चोपड़ा ने तोक्यो 2020 में स्वर्ण जीत कर इतिहास रचा था और पेरिस 2024 में रजत पदक अपने नाम कर भारत के पांचवें दो बार के ओलंपिक पदक विजेता बन गए।

निशानेबाजी में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं मनु भाकर : ओलंपिक में भारत को पहला कांस्य पदक मनु भाकर ने दिलाया। यह पदक मनु ने महिला दस मीटर एअर पिस्टल की व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। मनु ने एक और पदक जीता, जो कांस्य के रूप में आया। मनु ने दूसरा पदक दस मीटर एअर पिस्टल मिश्रण टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ जीता था। इससे पहले नार्मन प्रिचर्ड ने पेरिस 1900 के ओलंपिक में पुरुषों में दो सौ मीटर और पुरुषों में दौ सौ मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था। वे भारत के लिए एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले पहले एथलीट थे।

स्वप्निल कुसाले ने पहला कांस्य जीता : भारत को तीसरा पदक स्वप्निल ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य के रूप में दिलाया। स्वप्निल इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे।

निशानेबाजी में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या तीन है। भारत ने इससे पहले कभी भी ओलंपिक संस्करण में एक खेल में तीन पदक नहीं जीते। पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लंदन 2012 ओलंपिक में आया था, जब निशानेबाजी में भारत ने दो पदक जीते थे। साथ ही पचास मीटर राइफल थ्री पोजीशन में भारत का यह पहला ओलंपिक पदक रहा।

बावन साल बाद हाकी में लगातार दो पदक जीते : भारतीय पुरुष हाकी टीम ने कांस्य पदक मैच में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन को 2-1 से हराया और ओलंपिक में कांस्य जीता। तोक्यो में भी भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था, जिससे म्यूनिख 1972 के बाद से 52 साल में पहली बार हाकी में भारत ने लगातार दो ओलंपिक पदक जीते। साथ ही भारत ने हाकी में 13वां पदक भी हासिल किया।

एक चांदी और पांच कांस्य पर जमाया कब्जा

सबसे कम उम्र के पदकधारी बने अमन

भारत के अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किलोग्राम कुश्ती में कांस्य जीता। उन्होंने कांस्य मुकाबले में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज को 13-5 से मात दी। साथ ही ये भारत का ओलंपिक की कुश्ती में आठवां पदक भी रहा। सुशील कुमार और रवि कुमार दहिया ने क्रमशः लंदन 2012 और तोक्यो 2020 में रजत पदक जीते। बाकी छह पदक कांस्य हैं। अमन सहरावत ने 21 साल और 24 दिन की उम्र में यह कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने पीवी सिंधु के कीर्तिमान को भी तोड़ दिया। सिंधु ने जब रियो 2016 ओलंपिक में रजत पदक जीता था तब उनकी उम्र 21 साल, एक महीना और 14 दिन थीं।

विनेश पर फैसला कल

भारत पदक तालिका में बढ़ोतरी कर सकता है। पहलवान विनेश फोगाट ने खेल पंचाट में पदक दिए जाने की अपील की हुई है, जिसका फैसला मंगलवार (13 अगस्त) को आना है। अगर फैसला विनेश के हक में आता है तो वे चांदी जीतने वालीं देश की पहली महिला पहलवान बन जाएंगी।

विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित

निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को मिला ओलंपिक आर्डर

पेरिस, 11 अगस्त (भाषा)।

भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके 'विशिष्ट योगदान' के लिए प्रतिष्ठित ओलंपिक आर्डर से सम्मानित किया गया।

बेजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में दस मीटर एअर राइफल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बने बिंद्रा को यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के 142वें सत्र के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया। बिंद्रा ने कहा कि जब मैं छोटा था तो ये ओलंपिक रिंग्स ही थे, जिन्होंने मेरे जीवन को अर्थ दिया।

उन्होंने कहा कि दो दशक से अधिक समय तक अपने ओलंपिक सपने को पूरा करने में सक्षम होना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। खिलाड़ी के तौर पर अपने करिअर के बाद ओलंपिक आंदोलन में योगदान देने की कोशिश करना मेरे लिए बहुत बड़ा जुनून रहा है। यह मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। आइओसी खिलाड़ी आयोग के उपाध्यक्ष 41 वर्षीय बिंद्रा ने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें और भी अधिक मेहनत करने और ओलंपिक आंदोलन में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

वर्ष 1975 में स्थापित ओलंपिक आर्डर ओलंपिक आंदोलन का सर्वोच्च पुरस्कार है। यह ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। बिंद्रा ने सिडनी 2000 से पांच ओलंपिक में हिस्सा लिया। उन्होंने पहली बार एथेंस 2004 में अपनी छाप छोड़ी जब उन्होंने पुरुषों की 10 मीटर एअर राइफल के फाइनल में जगह बनाई। बीजिंग 2008 में उन्होंने चीन के गत चैंपियन झू किनान को हरा कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने रियो 2016 में भी फाइनल में जगह बनाई लेकिन चौथे स्थान पर रहे। बिंद्रा 2018 से आइओसी खिलाड़ी आयोग का हिस्सा हैं।

अद्भुत प्रदर्शन

ओलंपिक आर्डर से सम्मानित अभिनव बिंद्रा (दाएं)।

बिंद्रा ने कहा, जब मैं छोटा था तो ये ओलंपिक रिंग्स ही थे, जिन्होंने मेरे जीवन को अर्थ दिया। दो दशक से अधिक समय तक अपने ओलंपिक सपने को पूरा करने में सक्षम होना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी।

ताइवान की मुक्केबाज लिन यू टिंग ने स्वर्ण पदक जीता

पेरिस, 11 अगस्त (एपी)।

ताइवान की लिन यू-टिंग ने पेरिस ओलंपिक में मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान संयमित और शांत रहने की लड़ाई लड़ी और अपने खेल का समापन स्वर्ण पदक के साथ किया। वह तब भी संयमित रहीं जब ऐसा लग रहा था कि दुनिया के अधिकांश लोग उन्हें बदनाम कर रहे हैं, उन्हें गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं और उनके अस्तित्व की प्रकृति पर ही सवाल उठा रहे हैं।

यू-टिंग ने फाइनल में पोलैंड की जूलिया सेरेमेटा को 5-0 से हरा कर अपने देश के लिए पहला ओलंपिक मुक्केबाजी स्वर्ण पदक जीता। इस फ्लाईवेट मुक्केबाज ने अपना सोशल मीडिया बंद कर दिया, अपना अभ्यास जारी रखा और एक के बाद एक शानदार जीत हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया। लेकिन जब उन्होंने पोडियम पर अपने गले में स्वर्ण पदक के साथ खड़े होकर ताइवान का राष्ट्रगान सुना तो यू-टिंग भावुक हो गईं। यू-टिंग ने शनिवार रात अपने भार वर्ग में वर्चस्व स्थापित किया। एक दिन पहले इमान खेलीफ के बाद उन्होंने भी रिंग के अंदर और दुनिया भर में उनके नारीत्व के बारे में गलत धारणाओं का शानदार जवाब दिया।

अद्भुत प्रदर्शन

मुक्केबाज यू-टिंग ने फाइनल में पोलैंड की जूलिया सेरेमेटा को 5-0 से हरा कर अपने देश के लिए पहला ओलंपिक मुक्केबाजी स्वर्ण पदक जीता।

मान्ट्रियल में नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में रूस के आंद्रे रुबलेव इटली के जानिक सिनर के खिलाफ शाट खेलते हुए।

मुकाबला

'भविष्य में मुख्य कोच कोई भारतीय होना चाहिए'

मार्केज ने कहा, स्पेन के अलावा मैंने भारत में सबसे ज्यादा समय बिताया

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 11 अगस्त।

भारतीय फुटबाल टीम का मुख्य कोच बनना मनोलो मार्केज के लिए सपना सच होने जैसा है लेकिन रविवार को इस स्पेनिश खिलाड़ी ने कहा कि भविष्य में अगर कोई भारतीय ही राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दे तो बेहतर होगा।

भारत के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रविवार को मार्केज ने कहा कि स्पेन के अलावा मैंने भारत में सबसे ज्यादा साल बिताए हैं। बहुत समय पहले मैंने सोचा था कि मैं राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनना चाहूंगा और अब मैं यहां हूं। यह सपना सच होने जैसा है।

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ) ने जुलाई माह में इगोर स्टिमक की जगह 55 वर्षीय मार्केज को तीन साल के लिए राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। मार्केज 2024-25 सत्र के दौरान एफसी गोवा के मुख्य कोच के तौर पर अपनी भूमिका जारी रखेंगे। वह क्लब और राष्ट्रीय टीम दोनों की जिम्मेदारियां संभालेंगे। मार्केज ने कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय टीम का कोच एक भारतीय होना चाहिए क्योंकि वह देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों को जानता है। इसलिए आने वाले वर्षों में भारतीय फुटबाल का लक्ष्य यही होना चाहिए। वह 2020 से भारत में हैं। उन्होंने हैदराबाद एफसी के साथ तीन सत्र और एफसी गोवा के साथ एक सत्र (2023-24) बिताया है।

फुटबाल

मार्केज का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट तीन टीमों का इंटर कांटिनेंटल कप होगा, जिसकी मेजबानी भारत तीन से नौ सितंबर तक हैदराबाद में करेगा। टूर्नामेंट में सीरिया और मारीशस अन्य दो टीमें हैं। इसके बाद वह नौ से 15 अक्तूबर तक वियतनाम में खेली जाने वाली वीएफएफ तीन देशों की सीरीज में टीम का मार्गदर्शन करेंगे। इसमें मेजबान वियतनाम और भारत के अलावा लेबनान शामिल है।

सौरव गांगुली ने कहा, विनेश फोगाट रजत पदक की हकदार

कोलकाता, 11 अगस्त (भाषा)।

भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली ने रविवार को पहलवान विनेश फोगाट को अपना समर्थन देते हुए कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में जगह बनाने के बाद कम से कम रजत पदक की हकदार हैं।

भारत की 29 साल की इस पहलवान को ओलंपिक महिला पचास किलोग्राम कुश्ती के फाइनल मुकाबले से पहले 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिया गया था। इससे विनेश का ओलंपिक चैंपियन बनने का सपना टूट गया और उन्होंने कश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। गांगुली ने एक कार्यक्रम के इतर रविवार को कहा कि मैं सटीक नियम नहीं जानता, लेकिन मैं समझता हूं कि जब वह फाइनल में पहुंची तो उसने ठीक से क्वालीफाई किया होगा। उसे गलत तरीके से अयोग्य घोषित किया गया था या नहीं, मुझे नहीं पता, लेकिन वह कम से कम रजत पदक की हकदार है।

विनेश की जगह फाइनल में क्यूबा की पहलवान युस्नेलिस गुजमान लोपेज उतरीं, जो सेमीफाइनल में उनसे हार गई थीं। भारतीय पहलवान ने खेल पंचाट (सीएएस) में दायर अपनी अपील में लोपेज के साथ संयुक्त रजत पदक दिए जाने की मांग की है। खेल पंचाट द्वारा इस पर 13 अगस्त तक कोई फैसला सुनाने की उम्मीद है। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी विनेश का समर्थन करते हुए कहा था कि भारतीय पहलवान की अयोग्यता, 'तर्क और खेल भावना के खिलाफ' है।

टिप्पणी

रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा | भाला फेंक स्पर्धा | मेरी मां हमेशा दिल से बात करती है

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलना मेरा सपना

नई दिल्ली, 11 अगस्त (भाषा)।

भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद वह जल्द ही भारत में अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे।

नीरज ने पेरिस में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर तक भाला फेंककर ओलंपिक कीर्तिमान के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 88.54 मीटर के थ्रो से तीसरे स्थान पर रहे। स्पर्धा में जूलियन वेबर, याकूब वाडलेच और जूलियस येगो जैसे कुछ शीर्ष खिलाड़ी भी प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। नीरज ने रविवार को प्रशंसकों के साथ आयोजित एक बातचीत सत्र के दौरान कहा कि भारत में अन्य अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ प्रतिस्पर्धा करना मेरा सपना है। उम्मीद है कि भारत में जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी और मैं ऐसा कर पाऊंगा। तोक्यो में स्वर्ण के बाद पेरिस में रजत पदक के साथ लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने वाले नीरज ने कहा कि वह अपने खेल के कुछ क्षेत्रों पर काम करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं अब एक नए सत्र में प्रवेश कर रहा हूं इसलिए मेरे पास अभ्यास विधियों या तकनीक को बदलने के लिए इतना समय नहीं है। लेकिन मुझे कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की उम्मीद है, खासकर भाला फेंकने की लाइन में। नीरज ने कहा कि भाला फेंकने का सही कोण ताकि मुझे अपने थ्रो में अधिक शक्ति मिले। मैं निश्चित रूप से इस पर काम करूंगा।

भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस खेलों में शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं होने के बावजूद वह फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि शरीर काफी अच्छी स्थिति में नहीं था। लेकिन जब अरशद ने वह थ्रो किया मैं अपना सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाया क्योंकि मेरे दिमाग में यह विचार था कि मुझे सर्वश्रेष्ठ थ्रो करना है क्योंकि प्रतिस्पर्धा पहले से ही बहुत कठिन हो गई थी। नीरज और नदीम की माताएं एक-दूसरे के बेटे पर स्नेह बरसाकर सोशल मीडिया पर छा गईं।

नीरज ने कहा कि मां हमेशा अपने दिल से बात करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरी मां, वह अपनी शादी से पहले और बाद में हमेशा एक गांव में रहीं। वह सोशल मीडिया और इस तरह की चीजों से परिचित नहीं हैं। वह अक्सर अपने दिल से बात करती हैं। लेकिन वह समझती हैं कि खिलाड़ियों के परिवार, यहां तक कि अलग-अलग देशों के लोग भी उनके प्रति क्या महसूस करते हैं।

सिफान हसन ने जीती पेरिस ओलंपिक की महिला मैराथन

पेरिस, 11 अगस्त (एपी)।

सिफान हसन ने रविवार को यहां पेरिस खेलों में ओलंपिक कीर्तिमान के साथ महिला वर्ग की मैराथन रेस जीत ली। उन्होंने दो घंटे, 22 मिनट और 55 सेकंड का समय निकालकर ओलंपिक कीर्तिमान बनाया और टिग्स्ट असेफा को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। यह सिफान हसन का पेरिस ओलंपिक में तीसरा पदक है।

उन्होंने 5,000 और 10,000 मीटर का भी कांस्य पदक जीता है। असेका को रजत और कीनिया की हेलेन ओबिरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। सिफान हसन इस तरह छह ओलंपिक पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में 5,000 मीटर और 10,000 मीटर रेस जीती थी, जबकि 1500 मीटर में तीसरे स्थान पर रही थीं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 41, अंक 268
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,
बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज*, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com